

दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-14, अंक -65 जबलपुर, मंगलवार 08 अप्रैल 2025 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव


### 3000 अंक लुढ़का सेंसेक्स, निफ्टी में भी 1000 से ज्यादा गिरावट

## भारतीय शेयर बाजार में ब्लैक मंडे




मुंबई.(आरएनएस)। एशियाई शेयर बाजारों में तगड़ी गिरावट का असर सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को भारतीय शेयर बाजार पर भी दिखा और खुलने के साथ ही दोनों इंडेक्स सेंसेक्स-निफ्टी बिखर गए. आज सुबह मार्केट ओपन हुआ तो बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 3000 अंक से ज्यादा की गिरावट के साथ ओपन हुआ, तो वहीं दूसरी ओर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी ने भी 1000 अंक से ज्यादा फिसलकर कारोबार की शुरुआत की. शुरुआती कारोबार में टाटा मोटर्स से लेकर मझगांव डॉक तक के शेयर में तगड़ी गिरावट आई.

शेयर मार्केट में कारोबार शुरू होने पर बीएसई सेंसेक्स अपने पिछले बंद 75,364.69 की तुलना में बुरी तरह फिसलकर 71,449 के लेवल पर खुला, तो वहीं एनएसई निफ्टी ने अपने पिछले बंद 22,904 की तुलना में गिरकर 21758 पर कारोबार की शुरुआत की. इसके बाद दोनों इंडेक्स कुछ ही देर में और फिसलते चले गए निफ्टी-50 जहां 1000 अंक टूटकर 21,743 पर आ गया, तो सेंसेक्स 71,425 के स्तर पर ट्रेड करता नजर आया. वहीं एशियाई बाजारों में जापान के निक्केई में 6 प्रतिशत, कोरिया के कोस्पी इंडेक्स में 4.50 प्रतिशत, चीन का शंघाई इंडेक्स 6.50 प्रतिशत नीचे है. हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग 10 प्रतिशत नीचे है. ट्रंप टैरिफ के कारण ये बाजारों में काफी हलचल देखने को मिल रही है वहीं शुक्रवार को अमेरिका के खुद का बाजार भी बहुत बड़ी गिरावट के साथ बंद हुए थे.

### ट्रंप ने भ्रम से पर्दा हटाया, कहीं नजर नहीं आ रहे पीएम मोदी, बाजार में जारी उथल-पुथल के बीच बोले राहुल



नई दिल्ली-(आरएनएस)। शेयर बाजारों में उथल-पुथल और अमेरिका के पारस्परिक शुल्कों के कारण समायोजन करने वाले देशों के बीच, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भ्रम से पर्दा उठा दिया है और भारत को एक लचीली, उत्पादन-आधारित अर्थव्यवस्था का निर्माण करना होगा। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक्स पर कहा, ट्रंप ने भ्रम से पर्दा उठा दिया है। वास्तविकता पीछे हट रही है। पीएम मोदी कहीं दिखाई नहीं दे रहे हैं।

राहुल गांधी ने कहा कि भारत को वास्तविकता को स्वीकार करना होगा। हमारे पास एक लचीली, उत्पादन-आधारित अर्थव्यवस्था बनाने के अलावा कोई विकल्प नहीं है जो सभी भारतीयों के लिए काम करे। इससे पहले पटना में संविधान सुरक्षा सम्मेलन को संबोधित करते हुए गांधी ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति के कारण शेयर बाजार में गिरावट आई है। उन्होंने कहा, अमेरिकी राष्ट्रपति के कारण शेयर बाजार में गिरावट आई है। यहां 1 प्रतिशत से भी कम लोगों ने अपना पैसा शेयर बाजार में लगाया है, जिसका मतलब है कि शेयर बाजार आपके लिए नहीं है। इसमें असीमित पैसा कमाया जाता है, लेकिन आपको इसका लाभ नहीं मिलता। ट्रंप के जवाबी टैरिफ के कारण नए सप्ताह की शुरुआत में वैश्विक शेयरों में भारी गिरावट देखी गई। इन टैरिफ की वजह से वैश्विक स्तर पर इक्विटी में बिकवाली शुरू हो गई है

## रसोई गैस हुई महंगी-घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत 50 रुपए बढ़ी

नई दिल्ली.(आरएनएस)। आम जनता को महंगाई के मोर्चे पर एक और झटका लगा है. एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतें बढ़ गईं हैं. घरेलू गैस सिलेंडर और उज्जवला योजना के तहत मिलने वाले सिलेंडर पर 50 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी हुई है. केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को वितरण कंपनियों की ओर से रसोई गैस या एलपीजी की कीमत में 50 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी किए जाने का एलान किया.

मंत्री ने कहा कि उज्ज्वला और सामान्य श्रेणी के ग्राहकों दोनों के लिए गैस की कीमत में इजाफा किया गया है. नई कीमतें आज आधी रात से लागू हो जाएंगी. सामान्य उपभोक्ताओं के लिए 14.2 किलोग्राम वाले एलपीजी सिलेंडर की कीमत 803 रुपये से बढ़कर 853 रुपये हो जाएगी और उज्ज्वला योजना के तहत उपभोक्ताओं के लिए 14.2 किलोग्राम वाले सिलेंडर की कीमत 503 रुपये से बढ़कर 553 रुपये हो जाएगी.

मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा, एलपीजी के प्रति सिलेंडर की कीमत में 50 रुपये की वृद्धि होगी. 500 से यह 550 (पीएमयूवाई लाभार्थियों के लिए) हो जाएगी और अन्य के लिए यह 803 रुपये से बढ़कर 853 रुपये हो जाएगी. यह एक ऐसा कदम है जिसकी हम आगे समीक्षा करेंगे. हम हर 2-3 सप्ताह में इसकी समीक्षा करते हैं. इसलिए,



आपने जो उत्पाद शुल्क में वृद्धि देखी है, उसका बोझ पेट्रोल और डीजल पर उपभोक्ताओं पर नहीं पड़ेगा. उस उत्पाद शुल्क वृद्धि का उद्देश्य तेल विपणन कंपनियों को 43,000 करोड़ रुपये की भरपाई करना है. जो उन्हें गैस के कारण नुकसान के रूप में हुआ है. पुरी ने कहा, आपने वित्त मंत्रालय की एक अधिसूचना देखी होगी जिसमें कहा गया है कि पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में 2 रुपये की बढ़ोतरी की जा रही है. मैं पहले ही स्पष्ट कर दूं कि इसका बोझ उपभोक्ताओं पर नहीं डाला जाएगा. उन्होंने कहाकि कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमत घटकर लगभग 60 डॉलर प्रति बैरल हो गई है, लेकिन कृपया याद रखें कि हमारी तेल विपणन कंपनियां 45 दिनों की अवधि के लिए स्टॉक रखती हैं. अगर आप जनवरी की बात करें तो उस समय कच्चे तेल की कीमत 83 डॉलर थी, जो बाद में घटकर 75 डॉलर हो गई.

## जाम खुलवाने जा रहे आरक्षक को डंपर ने मारी टक्कर... 25 फीट तक घसीटा, सिर कुचला; मौत



इंदौर (आरएनएस)। हीरानगर थाना क्षेत्र में यातायात जाम खुलवाने के लिए जा रहे आरक्षक को तेज रफ्तार डंपर ने पीछे से चपेट में ले लिया। डंपर आरक्षक को 25 फीट तक घसीट ले गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आरक्षक देवास नाके पर ड्यूटी कर रहा था। इस दौरान वायरलेस सेट पर चंद्रगुप्त मौर्य चौराहे पर जाम खुलवाने के निर्देश अधिकारियों से मिले थे। वह मौके पर साथी के साथ जा रहा था, तभी यह हादसा हुआ। पुलिस के अनुसार दुर्घटना सोमवार दोपहर करीब 12 बजे की है। यातायात पुलिस विभाग में पदस्थ आरक्षक 23 वर्षीय अजय शर्मा सुबह देवास नाके पर तैनात था। ड्यूटी के बाद वह साथी चयन सिंह के साथ जा रहा था। दोनों अलग-अलग वाहन पर थे।

स्कीम नंबर 136 में मोड़ आने पर अजय ने दोपहिया वाहन धीरे किया। इस दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी। घटना के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया है। उसकी तलाश की जा रही है। घटना के बाद यातायात डीसीपी अरविंद तिवारी, डीसीपी अभिनय विश्वकर्मा और एडीसीपी अमरेंद्र सिंह भी मौके पर पहुंचे। घटना इतनी भयावह थी कि आरक्षक डंपर के पहिए के नीचे ही फंसा रह गया,

## सभी नगर निगमों में बनेंगी विकास समिति, शहर के विकास के लिए सब मिलकर करें काम-मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के सभी नगर निगमों में विकास समिति बनाई जाएगी। अपने शहर के विकास के लिए डॉक्टर, इंजीनियर, सिटी प्लानर, प्रोफेसर, लेक्चरर, टीचर सब मिलकर काम करेंगे। हमने इसी बजट में शहरों में विकास समिति बनाने का प्रावधान किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश के महापौरों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महापौर शहर के प्रथम नागरिक हैं। नगर और नागरिकों के विकास के लिए पूरी क्षमता, समर्पण और सेवा भावना से काम करें। उन्होंने कहा कि हमारे शहर विकास के मामले में अव्वल रहें, इसके लिए नगर विकास के रोडमेप पर



लगातार चर्चा की जाएगी। म.प्र. महापौर संघ के अध्यक्ष श्री पुष्यमित्र भार्गव (महापौर इंदौर) के नेतृत्व में प्रदेश के 12 शहरों के महापौर ने सोमवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में सौजन्य भेंट की। महापौरों ने शहर के विकास के लिए अपनी-अपनी बात रखी। भोपाल महापौर श्रीमती मालती राय, उज्जैन महापौर श्री मुकेश टटवाल, सागर महापौर श्रीमती संगीता तिवारी, रीवा महापौर श्री अजय मिश्रा, खंडवा महापौर सुश्री अमृता यादव, रतलाम महापौर श्री प्रह्लाद पटेल, देवास महापौर श्रीमती गीता अग्रवाल, छिंदवाड़ा महापौर श्री विक्रम आहाके, कटनी महापौर श्रीमती प्रीति सूरी, बुरहानपुर महापौर सुश्री माधुरी पटेल और सिंगरौली महापौर श्रीमती रानी अग्रवाल ने प्रदेश के पवित्र शहरों में शराबबंदी लागू करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव का पुष्पगुच्छ देकर एवं अंगवस्त्रम् ओढ़ाकर स्वागत अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। जल बचाना बेहद जरूरी है। इसलिए सभी महापौर अपने निगम क्षेत्रों में इस अभियान के तहत प्राथमिकता से जल संरक्षण के काम कराएं और जन सहभागिता से इस अभियान को सफल बनाएं।

## जम्मू कश्मीर विधानसभा में वक्फ कानून पर हंगामा, एनसी मेंबर ने कॉपी फाड़ी



जम्मू-कश्मीर-(आरएनएस)। संसद में हाल ही में पारित वक्फ (संशोधन) विधेयक को लेकर सोमवार को जम्मू-कश्मीर विधानसभा में भारी हंगामा हुआ। सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस ने इस विधेयक पर चर्चा की मांग की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मंजूरी के बाद यह विधेयक कानून बन गया। नेशनल कॉन्फ्रेंस ने इस कानून पर चर्चा के लिए विधानसभा में स्थगन प्रस्ताव पेश किया, लेकिन स्पीकर ने इसे अस्वीकार कर दिया, जिससे सदन में हंगामा शुरू हो गया।

सत्तारूढ़ पार्टी के विधायकों ने विरोध स्वरूप विधानसभा अध्यक्ष के आसन के पास आने का प्रयास किया। स्पीकर ने नियमों का हवाला देते हुए कहा, मामला न्यायालय में विचाराधीन है। हम इस पर चर्चा नहीं कर सकते। बीजेपी और एनसी ने सदन में नारेबाजी की। नेशनल कॉन्फ्रेंस के विधायक तनवीर सादिक ने कहा कि उनकी पार्टी वक्फ अधिनियम का विरोध करती है। विधानसभा में विरोध प्रदर्शन के दौरान, एनसी विधायक हिलाल लोन और सलमान सागर ने वक्फ अधिनियम की प्रतियां फाड़ दीं। स्थिति तब और बिगड़ गई जब एनसी विधायक अब्दुल मजीद लारमी ने विरोध में सदन के पटल पर अपनी जैकेट फाड़ दी।

नेशनल कॉन्फ्रेंस के विधायक तनवीर सादिक ने कहा कि उनकी पार्टी वक्फ अधिनियम का विरोध करती है। उन्होंने कहा, इस विधेयक पर चर्चा कराने में कोई हिचकिचाहट नहीं है। हम इस विधेयक पर चर्चा चाहते हैं। जम्मू-कश्मीर एक मुस्लिम राज्य है। हम वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ हैं। भाजपा विधायकों ने जवाब देते हुए कहा, जब विधेयक पहले ही कानून का रूप ले चुका है, तो आप इस पर चर्चा क्यों चाहते हैं? एनसी विधायकों ने अध्यक्ष से कहा, जब तक आप स्थगन प्रस्ताव स्वीकार नहीं करते, हम चैन से नहीं बैठेंगे।

### इटारसी में यात्रियों से भरी बस पलटी, महिला समेत दो की मौत, स्कूली बच्चे भी थे सवार



इटारसी= राष्ट्रीय राजमार्ग 46 पर सोमवार दोपहर पथरौटा पुलिया के पास अनियंत्रित होकर एक यात्री बस पलट गई। हादसे में बस सवार एक महिला यात्री समेत दो लोगों की मौत की खबर है।

सूचना मिलते ही एंबुलेंस एवं पथरौटा पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद राहत बचाव का कार्य शुरू किया गया। बस में फंसे स्कूली बच्चों एवं अन्य यात्रियों को बाहर निकाला गया। सूचना पर एसडीएम टी प्रतीक राव, एसडीओपी वीरेंद्र मिश्रा समेत सारे अधिकारी सरकारी अस्पताल पहुंचे।

## रामनवमी पर पालघर में हिंसा, बाइक रैली पर उपद्रवियों ने फेंके अंडे, तनाव के बाद सुरक्षा बढ़ाई

पालघर.(आरएनएस)। महाराष्ट्र के पालघर जिले में रामनवमी के अवसर पर आयोजित एक मोटरसाइकिल रैली के दौरान तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई. चिखलडोंगरी से निकली इस रैली पर अज्ञात लोगों ने कथित तौर पर अंडे फेंके, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया.

पुलिस ने बताया कि घटना के संबंध में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ सार्वजनिक उपद्रव और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है. फिलहाल एक व्यक्ति को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है. यह रैली सकल हिंदू समाज द्वारा रामनवमी के अवसर पर आयोजित की गई थी, जो चिखलडोंगरी के सर्वेश्वर मंदिर से शुरू होकर विरार (पश्चिम) स्थित ग्लोबल सिटी के पिंपलेश्वर मंदिर तक जा रही थी. जुलूस में करीब 100 से 150 मोटरसाइकिल, एक रथ और दो टेम्पो शामिल थे, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लिया. एक पुलिस अधिकारी ने जानकारी दी कि जब रैली पिंपलेश्वर मंदिर के पास पहुंची, तभी पास की एक इमारत से अचानक अंडे



फेंके गए. कुछ मोटरसाइकिल सवार, जो एक साइड स्ट्रीट से गुजर रहे थे, इस हमले का निशाना बने. इससे रैली में शामिल श्रद्धालुओं में रोष फैल गया और इलाके में तनाव व्याप्त हो गया. बोलिंज पुलिस स्टेशन की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति को शांत किया. पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज किया है और इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई है. पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे शांति बनाए रखें और सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की असत्यापित जानकारी साझा न करें, जिससे माहौल बिगड़ सकता है. मामले की जांच जारी है और पुलिस स्थिति पर नजर बनाए हुए है.

## सुनसान सड़क पर सहेली संग जा रही महिला से हुई छेड़छाड़, राज्य के गृह मंत्री बोले- बड़े-बड़े शहरों में छोटी-छोटी बातें होती रहती हैं



नई दिल्ली-(आरएनएस)। पिछले हफ्ते सोशल मीडिया पर सीसीटीवी फुटेज वायरल हुई थी जिसमें एक व्यक्ति सुड्डागुंटेपल्या के भारती लेआउट में एक महिला को सड़क पर छेड़छाड़ करते हुए और फिर भागते हुए दिखा था। यह घटना 3 अप्रैल की सुबह की है। वीडियो में एक आदमी संकरी गली में चल रही दो महिलाओं के पास जाता है और उनमें से एक को दीवार से टकराता है। इसके बाद वह आदमी उसे पकड़ता है और गलत तरीके से छूता है और फिर भाग जाता है। घटना के बाद लोगों में आक्रोश फैलने के बाद बेंगलुरु पुलिस ने स्वतः संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज कर लिया है। कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने सोमवार को एक विवादित टिप्पणी करते हुए कहा कि सड़क पर महिला के साथ छेड़छाड़ जैसी घटनाएं बेंगलुरु जैसे बड़े शहर में अक्सर होती रहती हैं। हालांकि, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि छेड़छाड़ करने वाले के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी और उन्होंने पुलिस को गश्त बढ़ाने का निर्देश दिया। जी परमेश्वर ने कहा कि इस तरह की घटनाएं बड़े शहर में यहां-वहां होती रहती हैं। जो भी कानूनी कार्रवाई की जानी है, वह कानून के अनुसार की जाएगी। मैंने अपने कमिश्नर को गश्त बढ़ाने का निर्देश भी दिया है। पिछले हफ्ते सोशल मीडिया पर सीसीटीवी फुटेज वायरल हुई थी जिसमें एक व्यक्ति सुड्डागुंटेपल्या के भारती लेआउट में एक महिला को सड़क पर छेड़छाड़ करते हुए और फिर भागते हुए दिखा था। यह घटना 3 अप्रैल की सुबह की है। वीडियो में एक आदमी संकरी गली में चल रही दो महिलाओं के पास जाता है और उनमें से एक को दीवार से टकराता है। इसके बाद वह आदमी उसे पकड़ता है और गलत तरीके से छूता है और फिर भाग जाता है। घटना के बाद लोगों में आक्रोश

### नौकरी मामले पर कोर्ट के फैसले के बाद भाजपा हमलावर

## ममता बनर्जी निश्चित रूप से जेल जाएंगी

पश्चिम बंगाल-(आरएनएस)। पश्चिम बंगाल में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी और भाजपा विधायकों ने राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद एसएससी शिक्षकों की नौकरी जाने के बाद वे मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि ममता बनर्जी को जेल जाना चाहिए। वह मुख्य लाभार्थी हैं। उनके भतीजे ने 700 करोड़ रुपये की रिश्वत ली। उन्होंने दावा किया कि पश्चिम बंगाल सरकार और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी उन 26000 लोगों के लिए जिम्मेदार हैं, जिन्होंने सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अपनी नौकरी खो दी है। उनके भतीजे (अभिषेक बनर्जी) की इसमें बड़ी भूमिका है।

इससे पहले शुभेंदु अधिकारी ने उच्चतम न्यायालय के आदेश के कारण नौकरी गंवाने वाले कुछ शिक्षकों से शनिवार को मुलाकात की और उन्हें कानूनी सहायता देने का वादा किया। नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि 2016 की भर्ती परीक्षा के इन 'बेदाग' योग्य उम्मीदवारों के सामने आई स्थिति के लिए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी जिम्मेदार हैं। शीर्ष अदालत द्वारा 2016 की भर्ती प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं पाए जाने और पूरे पैनल को रद्द करने के बाद राज्य द्वारा संचालित और सहायता प्राप्त स्कूलों के 25,000 से अधिक शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों को अपनी नौकरी से हाथ धोना पड़ा। नंदीग्राम के भाजपा विधायक ने कहा, ''आज मैं 20-25 शिक्षकों से मिला जिनमें कई महिलाएं भी शामिल थीं। वे दुखी हैं। मैंने उनसे कहा कि कानून आपके पक्ष में है। सत्य आपके पक्ष में है। मैंने कहा कि हम आपको कानूनी सहायता देंगे। केंद्रीय मंत्री और भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने दावा किया कि बनर्जी हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला के बाद शिक्षकों की भर्ती मामले में जेल जाने वाली दूसरी मुख्यमंत्री होंगी। पार्टी प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा, ''ममता बनर्जी को अब सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं है। अगर उनमें जरा भी जिम्मेदारी का अहसास बचा है तो उन्हें पद छोड़ देना चाहिए... वह निश्चित रूप से जेल जाएंगी।''






जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना कटंगी में मनोहर सिंह लोधी उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम लुहारी थाना पटेरा जिला दमोह ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह ठेकेदारी का काम करता है आज अपने साथ काम करने वले भाई सोने सिंह , जीवन सिंह , रविन्द्र कुर्मी एवं नगीता सभी निवासी दमोह के साथ काम करने के लिये संस्कार सिटी जबलपुर जा रहे थे एक मोटर सायकल में उसका भाई सोने सिंह तथा जीवन सिंह लोधी तथा दूसरी मोटर सायकल में रविन्द्र कुर्मी तथा नगीता सिंह थे, तीसरी मोटर सायकल वह चला रहा था सुबह लगभग 7 बजे श्रृद्धा धाम जमुनिया के सामने पहुँचे

**नवरात्रि अनुष्ठान की पूर्णाहुति पर आयोजित हुआ पंचकुंडीय गायत्री यज्ञ**

# प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव पर 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का लिया संकल्प





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। अखिल विश्व गायत्री परिवार के मुख्यालय शांतिकुंज, हरिद्वार की निर्देशन में गायत्री परिवार ट्रस्ट, जबलपुर के तत्वावधान में निष्ठावान साधकों द्वारा 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ करने का संकल्प प्रभु श्री राम के जन्मोत्सव के दिन लिया गया, यह यज्ञ 19 दिसंबर से 22 दिसंबर तक संस्कारधानी जबलपुर में आयोजित किया जाएगा।

नवरात्रि अनुष्ठान के समय भारत के प्रत्येक व्यक्ति के अंदर एक विशिष्ट ऊर्जा पैदा करने का समय होता है इस समय देवलोक से सभी श्रेष्ठ आत्माएं भ्रमण करती है और अपनी-अपने अनुदान वरदान इस धरती पर लुटाती हैं। गायत्री परिवार के सदस्यों द्वारा भी नवरात्रि के पावन पर्व पर नित्य गायत्री यज्ञ, नित्य 27 मालाओं का गायत्री जप, अनुष्ठान एवं विभिन्न साधना -आराधना की जाती है। जिसकी पूर्णाहुति आज गायत्री शक्तिपीठ मनमोहन नगर , श्रीनाथ की तलैया तथा बिलपुरा में की गई जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने संगीतमय यज्ञ के माध्यम से यज्ञ भगवान को आहुतियां प्रदान कर सद्बुद्धि सद्ज्ञान देने की प्रभु से प्रार्थना की गई।

इस अवसर पर मुख्य ट्रस्टी श्री बी.बी. शर्मा द्वारा बताया गया कि प्रभु श्रीराम ने धर्म की स्थापना के लिए अपना राज महल, घर परिवार सब कुछ छोड़कर जंगलों में गए, जगह-जगह उन्होंने असुरों का नाश कर । सनातन धर्म की स्थापना की। जिस पर रामायण जैसा महान ग्रंथ लिखा गया है जो आज समस्त विश्व का मार्गदर्शन कर रहा है। 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ, जबलपुर में होना, अपने आप में एक बहुत बड़ी उपलब्धि है, जिसके माध्यम से जबलपुर के आसपास के कई जिलों में आध्यात्मिक आयोजन एवं सामाजिक सरोकार से संबंधित अनेक योजनाओं पर कार्य किया जाएगा। जबलपुर की समस्त जनता से 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के लिए सहयोग करने की अपील की गई है।

# गुरुद्वारा जी सी एफ में लहराया निशान साहिब





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। बैसाखी महापर्व के उपलक्ष्य में गुरुद्वारा जी सी एफ में साध संगत के सहयोग से श्री हरनेक सिंह परिवार द्वारा निशान साहिब लहराने की सेवा की गई।

13 अप्रैल को यहां धूमधाम से बैसाखी महापर्व मनाया जाएगा। इसमें प्रसिद्ध रागी जत्थे, दाढ़ी जत्थे एवं गुरुवाणी प्रचारक गण शिरकत करेंगे। प्रधान साहब महेंद्र सिंह नागी ने बताया कि यहां सन 1941से यह पर्व लगातार मनाया जा रहा है। सचिव गुरदीप सिंह मैनी ने संचालन और आभार प्रकट किया। इस मौके पर गुरु का लंगर पंगत में वितरित किया गया।

**मार्च 2025 में 7,422 गाड़ियों की बिक्री की गई; जिसे नई कायलाक के साथ ही स्लाविया और कुशाक का समर्थन मिला है**

# स्कोडा ऑटो की भारत में रजत जयंती, मार्च में दर्ज की अब तक की सबसे बड़ी मासिक बिक्री

मुंबई, आरएनएस- स्कोडा ऑटो इंडिया ने भारत में सफलतापूर्वक 25 साल पूरे कर लिए हैं, और यह देश में उनके नए दौर की शुरुआत को दिखाता है। कंपनी ने भारत में अपने 25 साल के इतिहास में रिकॉर्ड तोड़ बिक्री की उपलब्धि हासिल की है। मार्च 2025 में स्कोडा ऑटो इंडिया ने 7,422 गाड़ियाँ बेचीं, जो भारत में इस ब्रांड की अब तक की किसी एक महीने में बिक्री की सबसे बड़ी संख?या है। यह सफलता उनकी नई कायलाक एसयूवी के लॉन्च और रणवीर सिंह को कंपनी का पहला ब्रांड सुपरस?टार बनाने के तुरंत बाद मिली है, जिससे लोगों के बीच जागरूकता और पसंद बढ़ी है।

स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर पेट्र जैनेबा ने बिक्री के इस रिकॉर्ड के बारे में कहा, ''जब हमने नई कायलाक लॉन्च की थी, तो हमने कहा था कि भारत में हमारी कंपनी का %नया दौर% शुरू हो रहा है। मार्च 2025 में हमने 7,422 गाड़ियाँ बेचीं। यह संख्या दिखाती है कि हमारी योजना सही दिशा में जा रही है। यह हमारी लगातार मेहनत और उस योजना का नतीजा है, जिसके तहत हम भारतीय सड़कों पर अच्छी यूरोपीय तकनीक वाली गाड़ियाँ लाना चाहते हैं। ग्राहकों ने बताया है कि कायलाक बहुत अच्छी गाड़ी है। यह छोटी सब-4-मीटर एसयूवी होते हुए भी बड़ी गाड़ियों जैसा आराम, जगह और सुरक्षा देती है। यादा लोगों को यह गाड़ी मिल सके और इसकी सफलता का जश्न मनाने के लिए, हमने इसकी शुरूआती कीमत को अप्रैल के अंत तक नहीं बढ़ाने का फैसला किया है।

कायलाक~ बिक्री में प्रमुख योगदान

भारत में स्कोडा ऑटो के लिए इस महीने में सबसे अधिक बिक्री का एक प्रमुख कारण है उनकी नई कार, कायलाक, जिसकी घोषणा फरवरी 2024 में हुई थी। इस कार का नाम भारत ने रखा था और नवंबर 2024 में इसे पेश किया गया था, जिसकी डिलीवरी जनवरी 2025 में शुरू हुई।

# काव्य पटल एवं कृति विमोचन सम्पन्न





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। वर्तिका का काव्य पटल सृजनधर्मियों की रचनात्मक चेतना का प्रतीक है। तदाशय के उद्गार वर्तिका संस्था द्वारा कला वीथिका में आयोजित श्री भगत दुबे दीप एवं श्रीमती शशिकला सेन की कविताओं के पटल एवं श्रीमती सेन द्वारा प्रस्तुत चालीसा संग्रह का विमोचन करते हुए मुख्य अतिथि कविवर विजय बागरी ने व्यक्त किए। समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार छाया त्रिवेदी ने की। विशिष्ठ अतिथि गीतकार अभय तिवारी थे। प्रारंभ में वर्तिका के संयोजक विजय नेमा अनुज ने वर्तिका की यात्रा एवं काव्य पटल के महत्व के बारे में बताया। वर्तिका के अध्यक्ष राजेश पाठक प्रवीण ने कवियों के व्यक्तित्व-कृतित्व पर पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि भगत दुबे दीप एवं शशिकला सेन ने समाज की मूल धारा से जुड़कर दिशा बोधक सृजन किया है। संचालन संतोष नेमा ने किया। समारोह में राजेन्द्र मिश्रा, कन्हैयालाल ताम्रकार, मीना भट्ट, प्रभा खरे, आशुतोष तिवारी, यशोवर्धन पाठक, विनीता श्रीवास्तव, डॉ. छाया सिंह ने काव्य रस वर्षा की। अतिथि स्वागत मिथिलेश बडगैंया,विनीता पैगवार, नीता श्रीवास, महेश स्थापक, नारायाण तिवारी, अमित सिंह ने किया।

**31 मई तक समग्र के साथ आधार ई-केव्हायसी कार्य मिशन मोड पर रहेगा जारी - निगमायुक्त**

# समग्र पोर्टल में शत् प्रतिशत ई-केव्हायसी करने विशेष अभियान शुरु - निगमायुक्त प्रीति यादव

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश शासन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन के पत्र दिनांक 29 मार्च 2025 के अनुसार नगर निगम के साथ-साथ प्रदेश भर में दिनांक 1 अप्रैल से प्रारंभ है जो 31 मई 2025 तक मिशन मोड के रूप में जारी रहेगा। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि समग्र आई.डी. का आधार के साथ शत् प्रतिशत ई-केव्हायसी कराने विशेष अभियान चलाया जा रहा है, यह कार्य मिशन मोड पर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसके लिए एक पत्र जारी कर राजस्व निरीक्षकों, स्वच्छता निरीक्षकों, सहायक राजस्व निरीक्षकों, योजना लिपिक, ऑपरेटर आदि को समग्र और आधार का ई-केव्हायसी करने के निर्देश दिये गए हैं। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने समस्त नागरिकों से अपील की है कि समय सीमा में अपना समग्र और आधार का ई-केव्हायसी कराएँ।

# महाबली को लगेगा अनंत पकवानों का भोग



**देश के कई राज्यों के चढेगें विशेष पकवान**



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। लघु काशी गढ़ा के पचमठा परिसर के हनुमान मंदिर द्वारा इस वर्ष भी प्रभु श्री राम के अनन्य भक्त हनुमान जी का जन्म महोत्सव धार्मिक अनुष्ठानों के साथ मनाया जाएगा, हनुमान मंदिर सेवा समिति और महिला मंडल इस वर्ष रजत जयंती वर्ष मना रहा है, हर साल की तरह इस बार भी तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं, समिति पिछले तीन सालों से हनुमत लला को एक टन लड्डू का महाभोग अर्पित करती आ रही है,

इस बार रजत जयंती वर्ष के मौके पर धर्म संस्कृति और परंपरा का भक्तों को अदभुत संगम देखने मिलेगा, हनुमान मंदिर सेवा समिति और महिला मंडल इस बार देश के विभिन्न राज्यों के परंपरागत और प्रसिद्ध पकवानों का महाभोग महाबली को अर्पित करेगी,जिसमें प्रमुख रूप से आगरा के प्रसिद्ध पेठा, मथुरा के पेड़े,कोलकाता का संदेश, महाराष्ट्र का मोदी,तिरुपति बालाजी के लड्डू, काश्मीर के ड्राई फ्रूट, विलुप्त होते जा रहे मिलेट्स के पकवान और

कोदो कुटकी की विशेष खीर,गुजरात का फाफडा, राजस्थान का घेवर, बनारस का पान सहित एमपी और महाकौशल के प्रसिद्ध पकवानों का महाभोग महाबली को अर्पित होगा ।जाहिर है कि हनुमान मंदिर सेवा समिति और महिला मंडल पिछले तीन सालों से हनुमत लला को एक टन लड्डू का महाभोग अर्पित करती आ रही जिसका प्रसाद शहर प्रदेश के साथ देश भर में कई शहरों में वितरित किया जाता है, हनुमान जी के जन्मोत्सव की इस बार भी जोर शोर से तैयारियांकी जा रही हैं ।

# पश्चिम विधानसभा में भाजपा सक्रिय सदस्य सम्मेलन आज

जबलपुर। भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस के कार्यक्रमों के क्रम में जिले की हर विधानसभा में सक्रिय सदस्यो का सम्मेलन आयोजित किया जाना है, इसी तारतम्य में पश्चिम विधानसभा का सक्रिय सदस्य सम्मेलन लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह के मुख्य आतिथ्य, जिला अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर की अध्यक्षता एवं नगर निगम अध्यक्ष श्री रिंकू विज के विशिष्ट आतिथ्य कल मंगलवार 8 अप्रैल को शाम 5 बजे विधानसभा कार्यालय नागपाल गार्डन मदनमहल में आयोजित है। सक्रिय सदस्य सम्मेलन में पश्चिम विधानसभा के पांचों मंडलों के सक्रिय सदस्य उपस्थित होंगे।

**अकाल मृत्यु**

जबलपुर। थाना पनागर में जानकीरमण अस्पताल से सूचना मिली सड़क दुर्घटना मे घायल अरविन्द केवट उम्र 34 वर्ष निवासी उमरिया सिंगौद थाना पनागर को दिनांक 4-4-25 की रात लगभग 11 बजे पत्नी रेश्मा केवट के द्वारा इलाज हेतु भर्ती कराया था

# निगमायुक्त प्रीति यादव के निर्देश पर स्वास्थ्य अधिकारी ने विभागीय कार्यो की समीक्षा की



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार अपर आयुक्त व्ही.एन. वाजपेयी एवं उपायुक्त स्वास्थ्य संभव अयाची के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य अधिकारी संदीप जायसवाल द्वारा आज दिनांक 7 अप्रैल को स्वास्थ्य विभाग कार्यालय में समस्त संभागों में जल प्लावन के संबंध में बैठक ली गई।

बैठक में स्वास्थ्य अधिकारी संदीप जायसवाल द्वारा समस्त सहायक स्वास्थ्य अधिकारी के साथ जोन वार बड़े नालों की सफ़ाई एवं जल प्लावन संबंधित क्षेत्रों में विशेष चर्चा करके उनके निराकरण को संबंधित विभाग से करवाये जाने निर्देश प्रदान किये गए। इसके साथ ही सभी सी.एस.आई., एस.आई. को निर्देशित किया गया कि अपने जोन अंतर्गत सभी लेबर और मिनी हिताची जे.सी.बी. आदि से होने वाले नालों की सफ़ाई कार्य युद्ध स्तर में चालू करायें ताकि जल प्लावन की स्थिति निर्मित ना हो। बैठक में सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अनिल बारी, अर्जुन यादव, धर्मेन्द्र राज, पोला राव आदि उपस्थित रहे।

**दो मई को एमपी-एमएलए विशेष कोर्ट में हाजिर होने के निर्देश**

# पूर्व मंत्री श्रवण पटेल सहित अन्य के विरुद्ध समंस जारी

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश डीपी सूत्रकार ने जबलपुर की मेसर्स मोहनलाल हरगोविंददास पार्टनर्शिप फर्म के संपत्ति विवाद से जुड़े प्रकरण में पूर्व मंत्री श्रवण पटेल सहित अन्य के विरुद्ध संज्ञान लेकर समंस जारी करने का आदेश सुनाया है। सभी को दो मई को कोर्ट के समक्ष हाजिरी सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं। मामले में आरोपित ज्योत्सना देवी पटेल की मृत्यु हो चुकी है, अत~ उन्हें छोड़कर मंत्री पटेल के अलावा रूपा पटेल, सोनल के अमीन, सिद्धार्थ पटेल को तलब किया गया है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि प्रकरण पूर्व सांसद से जुड़ा होने के कारण एससीपीपीएम के रूप में पंजीबद्ध हो। आवेदक गौतम पटेल की ओर से अधिवक्ता देवाशीष साकलकर व रणदीप सुरेजेबाला ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि जबलपुर के लार्डगंज थाने में पूर्व मंत्री श्रवण पटेल सहित अन्य के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट मुख्य थाना लार्ड गंज दर्ज कराई गई थी।

लेकिन थाने की ओर से खारिजी प्रतिवेदन स्वीकृति के लिए केस डायरी सहित प्रस्तुत कर दिया गया। वर्ष 2014 में दर्ज कराई गई एफआइआर का यह मामला पुलिस द्वारा तीन बार खारिजी के लिए प्रस्तुत किया जाना आश्चर्यजनक है क्योंकि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर जबलपुर द्वारा दिनांक 14.03.2019 के प्रतिवेदन में कथन और उपलब्ध दस्तावेधों के आधार पर अपराध को गठित होना पाया था अभियुक्तगण द्वारा धारा 482 की याचिका एफ आई आर को खारिज करने के संबंध में लंबित थी जो हॉन हाइकोर्ट ने 28.1.2023 को अंतिम सुनवाइ करके खारिज की समस्त परिस्थितियों को देखते हुए पूर्व मंत्री श्रवण पटेल सोनल अमीन, रूपा पटेल और सिद्धार्थ पटेल के विरुद्ध इस मामले में संज्ञान लिया गया है और उन्हें कोर्ट में 2 मई 2025 को उपस्थिति होने का आदेश दिया है.

# पूनम कविता गोन्द्रे वार्ड क्रमांक-24 हनुमानताल को पार्षद पद से पृथक करने कार्यवाही हेतु कांग्रेस पार्षद दल ने एस.डी.एम. अधारताल को सौंपा पत्र



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, उपनेता प्रतिपक्ष शगुफ्ता उस्मानी गुड्डी नबी, सचेतक अयोध्या तिवारी ने बताया कि राजेन्द्र सराफ पिता श्री तुकाराम सराफ, 309, हनुमानताल वार्ड द्वारा आवेदन किया गया कि पूनम कविता गोन्द्रे द्वारा गलत जानकारी प्रस्तुत कर पिछड़ी जाति का प्रमाण पत्र प्राप्त किया गया है जिसका परीक्षण मध्यप्रदेश शासन के पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की पिछड़ा वर्ग उच्च स्तरीय छानबीन समिति म0प्र0, भोपाल द्वारा दिनांक 13.02.2025 जांच में पाया गया कि उक्त जाति प्रमाण पत्र गलत जानकारी प्रस्तुत कर प्राप्त किया गया है अत: उसे निरस्त करने का निर्णय लिया जाता है । उपरोक्त निर्देश जारी होने के बाद एवं कलेक्टर महोदय, जबलपुर को पूर्व में पत्र देकर आवश्यक कार्यवाही हेतु निवेदन किया गया था किंतु अभी तक उक्त प्रकरण मे कोई कार्यवाही नहीं की गई है । आज कांग्रेस पार्षद दल द्वारा एस.डी.एम.अधारताल को पत्र सौंप कर उक्त प्रकरण में शीघ्र कार्यवाही की जाने की मांग की है । पत्र सौंपते समय नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, उपनेता प्रतिपक्ष शगुफ्ता उस्मानी गुड्डू नबी, सचेतक अयोध्या तिवारी, पार्षद संतोष दुबे पंडा, राकेश पाण्डे, कलीम खान आदि उपस्थित रहे ।



भोपाल -उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि विश्वविद्यालय महापुरुषों के निर्माण की फैक्ट्री होते हैं और शिक्षकगण इन संस्थाओं के कुशल कारीगर होते हैं। उन्होंने श्री रवींद्रनाथ टैगोर के उद्धरण का उल्लेख करते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि व्यक्तित्व का समग्र विकास होना चाहिए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, भोपाल के तृतीय दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।



**बहनों की माँग पर मैहर सहित 19 धार्मिक क्षेत्रों में की गई शराबबंदी**

# मैहर में होगा माँ शारदा लोक का निर्माण-मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल (आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मैहर में माँ शारदा देवी का भव्य शारदा लोक का निर्माण किया जायेगा। इसी तरह चित्रकूट में वनवासी भगवान श्रीराम लोक का भी निर्माण होगा। आज रावनवमीं पर पूरी अयोध्या जगमग है तो भगवान श्रीराम की कर्मभूमि चित्रकूट भी आज लाखों दीपों से जगमग होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने बहनों की माँग पर मैहर सहित प्रदेश के 19 धार्मिक क्षेत्रों में शराबबंदी कर दी है। मैहर में शीघ्र ही कलेक्ट्रेट भवन का निमार्ण कार्य शुरू किया जायेगा। इसी साल बरगी बांध से माँ नर्मदा का जल मैहर क्षेत्र में सिंचाई के लिए पहुंचाया जायेगा। प्रदेश में सिंचाई के क्षेत्र में तेजी से प्रगति हुई है। वर्ष 2003 में केवल 7 लाख हेक्टेयर में सिंचाई सुविधा थी, जिसे 55 लाख हेक्टेयर तक बढ़ाया गया है। विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से अगले 5 साल में प्रदेश में 1 करोड़ हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी। मैहर में 250 एकड़ क्षेत्र में विशाल गौशाला का निर्माण भी किया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को मैहर में रामनवमीं के दिन माँ शारदा मंदिर में दर्शन कर आमसभा को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि माँ शारदा की कृपा से मैहर जिले को मॉडल के रूप में विकसित किया जायेगा। रामनवमीं पर माँ शारदा से मुझे आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य मिला है। आज हम रामनवमीं के साथ माँ शारदा के परम भक्त और परमवीर आल्हा का 1300वां जन्म वर्ष भी मना रहे हैं। आल्हा ने अपनी वीरता से बुंदेलखण्ड की धरती को वीरों की धरती बनाया। प्रदेश में आल्हा के जीवन से जुडे कार्यक्रम वर्ष भर आयोजित किये जायेंगे, जिसका पूरा खर्च सरकार उठायेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लोक कलाकारों ने भी वीर रस से भरे हुए मोहक आल्हा गायन से युद्धों का सजीव वर्णन किया। ऐसा लग रहा था जैसे सचमुच में तलवारें चल रही हैं। मुख्यमंत्री ने मंच में आल्हा कार्यक्रम की प्रस्तुति देने वाली कला-मण्डलियों को 50-50 हजार रूपये देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि डबल इंजन की सरकार से देश और प्रदेश तेजी से विकास कर रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शी नीतियों से देश की हर कठिनाई दूर हो रही है। कश्मीर में धारा-370 को समाप्त कर आतंकवादियों की कमर तोड़ने के साथ विकास की नई इबारत लिखी जा रही है। अब तो पाक अधिकृत कश्मीर भी भारत में मिलने की माँग कर रहा है। यह प्रधानमंत्री श्री मोदी के जन-कल्याणकारी नीति, सुव्यवस्था और विकास के कार्यों के प्रति जनता का विश्वास है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश तेजी से विकास कर रहा है। मध्यप्रदेश में वर्ष 2003 के पहले औद्योगिक विकास दर 1 प्रतिशत से भी कम थी। आज औद्योगिक विकास दर 12 प्रतिशत है। मध्यप्रदेश देश में सबसे तेजी से औद्योगिक विकास करने वाला राज्य है। हर संभाग मुख्यालय में इन्वेस्टर्स मीट में औद्योगिक क्षेत्र में निवेश के बडे प्रस्ताव मिले है। औद्योगिक विकास के लिए मैहर में नवीन संस्थानों की स्थापना की जायेगी। ऊर्जा के क्षेत्र में प्रदेश में 32 लाख सोलर पंप लगाकर किसानों को मुफ्त में बिजली देंगे। किसानों के पास यदि उनके उपयोग से अधिक बिजली पैदा हुई तो उसे खरीदकर रूपये भी सरकार देगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मैहर सहित प्रदेश के 19 स्थानों में शराबबंदी लागू की गई है। बहनों की माँग पर यह कदम उठाया गया है। शराब से तन-मन और धन का नाश होता है। आज मैहर में जगह-जगह दूध का वितरण करते हुए लोगों ने शराबबंदी पर खुशी जाहिर की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मैहर में मंदिर पहुंचकर माँ शारदा देवी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मैहर नगर में स्टेट बैंक चौराहा, काली माता मंदिर से कटरा बाजार होते हुए घंटाघर चौक तक आयोजित रोड-शो में शामिल हुए। आम जनता ने पुष्पवर्षा कर शराब बंदी करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव का स्वागत कर आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बंधा बैरियर में आयोजित विशाल आमसभा में 71 करोड़ से अधिक लागत के निर्माण कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने कन्या-पूजन कर बेटियों का सम्मान किया। विभिन्न योजनाओं में हितलाभ का वितरण किया।

समारोह में जिले के प्रभारी मंत्री तथा ग्रामीण विकास राज्यमंत्री श्रीमती राधा सिंह ने कहा कि मैहर जिले को विकास की हर योजना का लाभ मिलेगा। समारोह में सांसद श्री गणेश सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने छोटे से कार्यकाल में विशिष्ट कार्यों से अलग पहचान बनाई है। मैहर सहित 19 स्थानों में शराबबंदी लागू करके सराहनीय और साहसिक कार्य किया है। उज्जैन के महाकाल लोक की तरह मैहर में भी माँ शारदा लोक का निर्माण जिले के लिए बहुत बडी सौगात है। सांसद ने मैहर में औद्योगिक विकास केन्द्र बनाने रिंग रोड निर्माण तथा कलेक्ट्रेट भवन निर्माण की माँग रखी। विधायक मैहर श्रीकांत चतुर्वेदी ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का स्वागत करते हुए कहा कि आज मैहर जिले के लिए बहुत बड़ा दिन है। विधायक ने 250 एकड़ में गौशाला निर्माण, मैहर शहर की सड़कों को फोरलेन बनाने, कन्या महाविद्यालय खोलने, माँ शारदा लोक के प्रथम चरण के निर्माण कार्य शुरू करने और आल्हा महोत्सव आयोजित करने की माँग रखी।

कार्यक्रम में नगरीय विकास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, विधायक चित्रकूट श्री सुरेन्द्र सिंह गहरवार, विधायक रामपुर बघेलान श्री विक्रम सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल सहित जन-प्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम में लोक कलाकारों ने आल्हा गायन प्रस्तुत किया।

## मंत्री टेटवाल को डी लिट की मानद उपाधि से किया गया सम्मानित



भोपाल-(आरएनएस) शिक्षा, तकनीकी नवाचार और कौशल विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गौतम टेटवाल को अमलतास विश्वविद्यालय, देवास के दीक्षांत समारोह में डॉक्टर ऑफ लिटरेचर (ष्ठ.रुद्बह्ल.) की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया।

मंत्री श्री टेटवाल को यह उपाधि शिक्षा को रोजगारोन्मुख बनाने, युवाओं को तकनीकी दक्षता से जोड़ने तथा आधुनिक और व्यावहारिक शिक्षा व्यवस्था को बढ़ावा देने के उनके सतत प्रयासों के लिए प्रदान की गई है।

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. इंदर सिंह परमार ने उन्हें डी. लिट की मानद उपाधि प्रदान कर सम्मानित किया। मंत्री मंत्री श्री टेटवाल ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए जीवन का गौरवपूर्ण क्षण है। उन्होंने कहा कि यह केवल उनका व्यक्तिगत नहीं, बल्कि उन सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों, तकनीकी विशेषज्ञों और युवाओं का सम्मान है, जो अपने ज्ञान व कौशल के माध्यम से प्रदेश और देश के विकास में योगदान दे रहे हैं। मंत्री श्री टेटवाल ने कहा कि शिक्षा और तकनीक आज के युग की सबसे बड़ी शक्ति है और उनका सदैव प्रयास रहा है कि शिक्षा को रोजगार से जोड़ते हुए युवाओं को आत्मनिर्भर बनाया जाए।

## बेहतर स्वास्थ्य सेवा के लिये राज्य सरकार प्रतिबद्ध-स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह

भोपाल-(आरएनएस) स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने कहा है कि नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ देने के लिये राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य से जुड़ी सुविधाओं का लगातार विस्तार किया जा रहा है। मंत्री श्री सिंह नरसिंहपुर जिले के विकासखण्ड साईंखेड़ा के अंतर्गत आने वाले ग्राम डुंगरिया में 65 लाख रुपये लागत से नव-निर्मित उप स्वास्थ्य केन्द्र और सीएचओ आवासीय भवन के लोकार्पण के बाद जन-समुदाय को संबोधित कर रहे थे।



मंत्री श्री सिंह ने कहा कि इस स्वास्थ्य केन्द्र में मरीजों की बीपी, शुगर की जाँच, गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण और टीकाकरण किया जा सकेगा। मरीजों को यहाँ निःशुल्क दवाइयाँ उपलब्ध रहेंगी। उन्होंने ग्रामीणों को आयुष्मान कार्ड के महत्व के बारे में बताया। जल गंगा संवर्धन अभियान की चर्चा करते हुए श्री सिंह ने कहा कि इस महत्वपूर्ण कार्य में जिले में जन-भागीदारी अधिक से अधिक हो, इसके लिये सभी के प्रयास की जरूरत है। उन्होंने करीब 3 करोड़ 75 लाख रुपये लागत के पनागर से डुंगरिया मार्ग का भूमि-पूजन भी किया।

## बालाघाट में कुएं में मिला तेंदुए का शव, पन्ना में आवारा कुत्तों ने किया चीतल का शिकार, भोजपुर मंदिर के पास दिखा टाइगर

बालाघाट/ पन्ना/ भोजपुर (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले के महकेपार सर्किल के ग्राम बड़पानी में एक तेंदुए का शव कुएं में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल है। वहीं पन्ना टाइगर रिजर्व के पन्ना बफर क्षेत्र में आवारा कुत्तों के हमले से एक मादा चीतल की मौत हो गई। इधर भोजपुर मंदिर के पास एक बाघ के दिखने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन है।

नीरज काकोटिया, बालाघाट। मामला जिले के वन परिक्षेत्र कटंगी के महकेपार सर्किल के ग्राम बड़पानी का है। जहां एक किसान के खेत में बने कुएं में गुरूवार की देर शाम तेंदुए को मृत अवस्था में देखा गया। जानकारी के अनुसार तेंदुए का शव करीब 3 से 4 दिन पुराना बताया जा रहा है। वहीं तेंदुए को मृत अवस्था में कुएं में फेंकने की भी बात सामने आई है। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर वन विभाग की टीम पहुंची। इसके बाद जांच शुरू की।

गर्मी का मौसम आते ही पानी की तलाश में जंगली जानवर आबादी वाले क्षेत्रों की ओर रुख करने लगे हैं। इसी बीच पन्ना टाइगर रिजर्व के पन्ना बफर क्षेत्र में आज एक मादा चीतल पानी के तलाश में झिन्ना स्थित गौशाला के निकट पहुंच गई। वहां मौजूद आवारा कुत्तों ने इस मादा चीतल पर हमला कर दिया। जिससे चीतल की मौत हो गई।

फील्ड डायरेक्टर पन्ना टाइगर रिजर्व अंजना सुचिता तिर्की ने बताया कि, मादा चीतल झिन्ना स्थित गौशाला के पास पहुंच गया

## माँ शारदा आशीष दरबार शक्तिनगर में स्थापित कलश जवारे विसर्जन शोभायात्रा



**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** माँ शारदा आशीष दरबार शक्तिनगर जबलपुर में स्थापित कलश जवारे विसर्जन शोभायात्रा रविवार दिनांक - 6 अप्रैल 2025 को सांयकाल 5:00 बजे दरबार प्रांगण से हुई। कलश जवारे के आगे चल रहा था, महिलाएं गुप्तेश्वर महादेव मंदिर तक गई थी। तत्पश्चात् वाहनों से कलश जवारे विसर्जन हेतु ग्वारीघाट नर्मदा तट तक ले गये।

कलश जवारे के साथ चलने वाली अखण्ड ज्योति भक्तों के आकर्षण का केन्द्र रहती है। नगर के अन्य किसी जवारे की शोभायात्रा में अखण्ड ज्योति के दर्शन नहीं मिलते। शोभायात्रा के बाद दरबार में माँ के प्रसाद भण्डारे का आयोजन हुआ। बहुतायत भक्तों ने शोभायात्रा और भण्डारे में उपस्थिति दर्ज की।

माँ श्री शारदा आशीष दरबार व्यवस्था समिति के अध्यक्ष-मुकेश कुमार कुशवाहा, उपाध्यक्ष मिलन मुखर्जी, सचिव जयंत क्षिरसागर, संजय बारहा जी, पंडित- सुबोध मिश्रा, सुधांशु उपाध्याय, सरबजीत सिंह तग्गड़, मोहन चंद जोशी, संतोष द्विवेदी, मनीष शर्मा, तिलकराज रतलानी, शुभम विश्वकर्मा, अमनदीप, जे .बी रॉय, तरनप्रीत सिंह आहलूवालिया, कौशलेंद्र महाजन, राजीव आशीष डनायक, संतोष मिश्रा, रवि गुजर, प्रकाश गायकवाड, श्री एच .डी चौधरी, मनीष विश्वकर्मा , बी एल नामदेव, सुशील नामदेव, श्रीमती मनजीत कौर तग्गड़, श्रीमती शीला मिश्रा, श्रीमती ज्योत्सना मुखर्जी, श्रीमती ममता बारहा, सिमरन कौर तग्गड़, श्रीमती कमलेश बेरी, श्रीमती कल्पना महाजन, सीमा मिश्रा, मोनी पांडे, श्रीमती जोशी टीना डोढियाल, वंदना रॉय, नीरज पांडे, शीला कुशवाहा ने सहर्षपूर्वक बताया की माँ श्री शारदा आशीष दरबार में हम सभी के मनोवांछित मनोरथ पूर्ण होते रहे हैं दूर-दूर तक के भक्त अपनी मन्नतें हेतु श्रद्धापूर्वक दरबार में अपनी उपस्थिति लगाने पहुंचते हैं।

## भोपाल में भिक्षावृत्ति पर लगेगा स्मार्ट निगरानी का पहरा

भोपाल (आरएनएस)। भोपाल जिले में भिक्षावृत्ति पर लगाम लगाने के लिए प्रशासन ने सख्त कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के निर्देशन में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत जिले की समस्त राजस्व सीमा क्षेत्र में भिक्षावृत्ति पूर्ण रूप से प्रतिबंधित की गई है।

भिक्षावृत्ति के मामलों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी ने की।

बैठक में निर्णय लिया गया कि भोपाल स्मार्ट सिटी के ट्रैफिक सिग्नलों पर लगे कैमरों की मदद से भिक्षा देने और लेने वाले लोगों की पहचान की जाएगी और उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही सभी ट्रैफिक सिग्नलों पर ऑडियो-वीडियो विजुअल्स के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, जिसमें कलेक्टर एवं पुलिस आयुक्त भोपाल का संदेश प्रसारित किया जाएगा।

नगर निगम भोपाल की कचरा संग्रहण गाड़ियों पर भी भिक्षावृत्ति उन्मूलन संबंधी संदेश चलाए जाएंगे ताकि आम नागरिकों में यह समझ बढ़े कि भिक्षावृत्ति एक सामाजिक बुराई और अपराध है, जिसकी आड़ में कई बार नशा, असामाजिक और आपराधिक गतिविधियां पनपती हैं।

**उपनगर ग्वालियर में तीन करोड़ 70 लाख से अधिक के विकास कार्यों का किया भूमि-पूजन**

## उपनगर ग्वालियर के चहुँमुखी विकास में कोई कसर नहीं रहेगी - ऊर्जा मंत्री तोमर



भोपाल-(आरएनएस) उपनगर ग्वालियर के चहुँमुखी विकास में कोई कोर कसर नहीं रहने दी जायेगी। उपनगर ग्वालियर में मूर्तरूप ले रहे विकास कार्यों से क्षेत्रवासियों को सुगम आवागमन और बेहतर बुनियादी सुविधाएं मिल रही हैं। प्रगति की यात्रा इसी प्रकार निरंतर जारी रहेगी। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने यह बात उपनगर ग्वालियर में लगभग तीन करोड़ 70 लाख रुपए से अधिक के विकास कार्यों के भूमि- पूजन के अवसर पर कही। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि आमजन को मूलभूत सुविधाओं का लाभ आसानी से मिले इसी दिशा में कार्य किया जा रहा है। उपनगर ग्वालियर में स्वास्थ्य और शिक्षा में बेहतर कार्य किया गया है। सिविल हॉस्पिटल हजीरा एक प्राइवेट हॉस्पिटल की तरह सुविधा दे रहा है। शिक्षा नगर में स्मार्ट स्कूल बनकर तैयार है, जहां बच्चों को किसी प्राइवेट विद्यालय से अच्छी सुविधाओं के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी। शीघ्र ही इसका लोकार्पण किया जाएगा। पूर्व सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की मंशानुरूप जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति को भी दिलाने का कार्य किया जा रहा है। ग्वालियर में विकास कार्य बहुत ही तेजी से किये जा रहे हैं। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने वार्ड 32, 3 व 4 में 3 करोड़ 70 लाख रुपए से अधिक के विकास कार्यों का भूमि-पूजन किया। वार्ड 32 में न्यू कुशालनगर की विभिन्न गलियों में सीसी रोड, श्रुति एंक्लेव में डामरीकरण , न्यू चंदन नगर की विभिन्न गलियों में सीसी रोड निर्माण, विभिन्न स्थानों पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग कार्य, इंदिरा एनक्लेव पार्क में दो कक्ष, बाउंड्री वॉल एवं पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य, डी ब्लॉक में सीसी रोड निर्माण कार्य, खेड़ापति कॉलोनी में पेवर ब्लॉक कर, विकास नगर श्रुति एनक्लेव गांधीनगर न्यू प्रेम नगर, न्यू खेड़ापति कॉलोनी में पार्क डेवलपमेंट कार्य, गणेश मंदिर शिंदे की छावनी प्रणाली निर्माण कार्य, न्यू खेड़ापति कॉलोनी में डामरीकरण कार्य, विकास नगर डामरीकरण, शिंदे की छावनी पठार वाली चौक पर सीसी सड़क निर्माण कार्य एवं रवि नगर पार्क। इसके साथ ही वार्ड 3 में डीआरपी लाइन पेट्रोल पंप के बगल से स्कूल तक सीसी निर्माण कार्य एवं वार्ड 4 सदाशिव नगर की विभिन्न गलियों में सड़क एवं सीसी निर्माण कार्य किये जायेंगे।

**9 मिलियन फैंस की उत्पादन क्षमता वाले अत्याधुनिक मैन्युफैक्चरिंग प्लांट के साथ, यह नई रेंज प्रदर्शन और डिज़ाइन उत्कृष्टता पर जोर देती है।**

## पॉलीकैब इंडिया ने फैन कैटेगरी में अपनी पकड़ मजबूत की; सुपर ROI फैंस लॉन्च किए - बेहतरीन एयर डिलीवरी, शानदार बचत

मुंबई - इलेक्ट्रिकल सॉल्यूशंस में अग्रणी कंपनी पॉलीकैब इंडिया फैन कैटेगरी में अपनी उपस्थिति को और मजबूत कर रही है। कंपनी ने सुपर ROI फैंस की नई रेंज लॉन्च की है, जो इस श्रेणी में रिटर्न ऑन इन्वेस्टमेंट (ROI) के नए स्टैंडर्ड कायम करेगी। यह रेंज शानदार प्रदर्शन, ऊर्जा दक्षता और आधुनिक डिज़ाइन का बेहतरीन तालमेल प्रस्तुत करती है। बढ़ती ऊर्जा लागत और विकसित हो रही उपभोक्ता प्राथमिकताओं के साथ, पॉलीकैब नए और आधुनिक ऐसे समाधान देने के लिए समर्पित है जो ग्राहकों के लिए उनके पैसों का बेहतर मूल्य सुनिश्चित करते हैं। पॉलीकैब के सुपर ROI बीएलडीसी तकनीक से लैस हैं, जो 50त्न तक बिजली की बचत करने में सक्षम हैं। इसके कुछ विशेष बीएलडीसी मॉडल 25त्न अधिक एयर डिलीवरी प्रदान करते हैं। रिवर्स रोटेशन की सुविधा सर्दियों में भी आरामदायक माहौल बनाए रखने में मदद करती है। 100त्न कॉपर वाइंडिंग मोटर से निर्मित ये पंखे लंबे समय तक साथ निभाते हैं। ये पंखे 4 साल की वारंटी के साथ आते हैं। ये आधुनिक डिज़ाइन में 30 से अधिक रंगों में उपलब्ध हैं, जो आपके होम डेकोर को और सुंदर बनाते हैं। सुपर ऋह्रढ्ढ पंखे अपने ग्राहकों को रिटर्न ऑन परफॉर्मेंस, रिटर्न ऑन टेक्नोलॉजी और रिटर्न ऑन प्रोडक्ट का वादा करते हैं, जिससे यह एक स्मार्ट और लाभदायक निवेश बन जाता है।

बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए, पॉलीकैब ने फैन कैटेगरी में बड़े पैमाने पर निवेश किया है। कंपनी ने 9 मिलियन से अधिक फैंस के उत्पादन की क्षमता वाला एक अत्याधुनिक मैन्युफैक्चरिंग प्लांट स्थापित किया है। इस मैन्युफैक्चरिंग प्लांट को एक एडवांस्ड रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर की ओर से सपोर्ट प्रदान किया जाता है।

**स्थानीय समस्याओं को लेकर जनप्रतिनिधियों के साथ ली बैठक**

## गोविंदपुरा में पेयजल की समस्या दूर करने बनेंगी 9 पानी की टंकियाँ- राज्य मंत्री श्रीमती गौर



भोपाल (आरएनएस) पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण, विमुक्त, घुमन्तु और अर्द्ध घुमन्तु कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने ग्रीष्म ऋतु में पेयजल आपूर्ति और अन्य विषयों पर जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। राज्य मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि गोविंदपुरा क्षेत्र में पेयजल की समस्या दूर करने के लिए पानी की 9 नई टंकियों का निर्माण कराया जाएगा, जिसमें 10 लाख लीटर तक पानी भंडारित किया जा सकेगा। राज्य मंत्री श्रीमती गौर ने जनप्रतिनिधियों से उनके क्षेत्र की कार्य योजना और समस्याओं की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को समय-सीमा में सभी कार्य पूरे करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में दौरा करने पर अगर जनता पेयजल समस्या से जूझती नजर आई तो अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। राज्य मंत्री श्रीमती गौर ने पानी की समस्या वाली कॉलोनियों में बल्क कनेक्शन देने और सप्लाई की समय सीमा बढ़ाने के निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने ये भी कहा कि जहां अति आवश्यक हो, वहां पानी की नई पाइप लाइन डाली जाए। बैठक में पार्षद श्रीमती छाया ठाकुर, श्रीमती ममता विश्वकर्मा, श्रीमती अर्चना परमार, श्रीमती उर्मिला मौर्य, श्री विकास पटेल, श्री राजू राठौर, श्री नीरज सिंह, श्री शिवलाल मकोरिया, श्री रामबाबू पाटीदार, श्री संतोष ग्वाला, श्री वी. शक्ति राव, श्री नीलेश गौर, श्री लवकुश यादव, श्रीमती मोनिका ठाकुर, श्री संजय सबनानी, श्री एल.के. खरे और श्री उदित गर्ग मौजूद रहे।

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है।




भगवान शंकर के दिव्य श्रृंगार में, अब वाले श्रृंगार ने तो मानों दाँतों तले अँगुलि दबाने को विवश कर दिया था। कारण कि भगवान शंकर ने अपनी छाती पर एक माला पहन रखी है। वह माला न तो कोई स्वर्ण धातु से बनी है, और न ही पुष्प इत्यादि की। जी हाँ! वह माला बनी है 'नरमुण्डों' की। खोपड़ियों को एक सूत्र में बाँध कर गले में लटका दिया है। जिसे शिवगण बड़े रौब से माला की संज्ञा दे रहे हैं। भला ऐसी भी माला की कल्पना किसी ने की होगी? यह तो बुद्धि की सीमा से परे सकी बात हो गई।



## देश में 13 नये अरबपति

अरबपतियों की संख्या के मामले में अब भारत तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट के मुताबिक देश में 284 अरबपति हैं। इस साल इसमें देश में 13 नये अरबपति शामिल हुए। रिपोर्ट के अनुसार देश के 284 अरबपतियों की कुल संपत्ति 10 फीसद बढ़कर 98 लाख करोड़ रुपये या देश की जीडीपी यानी सकल घरेलू उत्पाद का एक-तिहाई हो गई है। भारत ने प्रत्येक अरबपति की औसत संपत्ति के मामले में चीन को पीछे छोड़ दिया। बीते साल 175 अरबपतियों की संपत्ति में वृद्धि हुई है, जबकि 109 की कुल नेटवर्थ में कमी आई या वह स्थिर है। गौतम अडाणी की संपत्ति में वैश्विक स्तर पर सबसे अधिक इजाफा हुआ, जो तकरीबन एक लाख करोड़ रुपये बताई जा रही है। मुंबई में सबसे अधिक 90 अरबपति हैं। इनमें भी शीर्ष दस में पांच अरबपति देश के अरबपतियों की राजधानी यानी मुंबई से हैं। दो राजधानी दिल्ली से व बेंगलूर, पुणो व अहमदाबाद से एक-एक हैं। पूंजीपतियों की औसत दौलत 34,514 करोड़ रुपये व उम्र 68 साल आंकी गई है। सूची में 22 महिलाओं के नाम भी शामिल हैं। हालांकि अमेरिका की तुलना में भारत व चीन काफी पीछे हैं। जहां 870 अरबपति हैं। देश में अरबपतियों की दौलत सालाना 10 फीसद बढ़ी, जबकि अमेरिका में यह बढ़त 27 फीसद रही। दुनिया में कुल 3,442 अरबपति हैं। वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं के शीर्ष पर पहुंचने व पारिवारिक कारोबार में तेजी आने का अप्रत्यक्ष लाभ कुछ हद तक सबसे पिछली कतार में बैठे वर्ग तक पहुंचने की भी उम्मीद की जाती है। ये कारोबार फार्मास्यूटिकल्स, एजूकेशन, टेकनॉलाजी, फूड डिलीवरी आदि में विशेष तौर पर कारगर हैं।

# प्रथम अध्यक्ष अटलजी से लेकर नए अध्यक्ष की प्रतीक्षा बेला तक

आज जब देश भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के पदासीन होने की प्रक्रिया व प्रतीक्षा में हैं तब स्वाभाविक ही भाजपा की समृद्धशाली अध्यक्षीय परंपरा का ध्यान देश के मानस में उभर आता है। भारतीय जनता पार्टी का उत्थान, आरोह, अवरोह, विन्यास का मार्ग और आज के भारतीय राजनैतिक क्षितिज में उसकी चमकदार स्थिति कोई संयोग मात्र नहीं है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामाप्रसाद मुखर्जी, नानाजी देशमुख आदि की राजनैतिक शुचिता व परंपरा के उत्तराधिकारी थे भाजपा के प्रथम अध्यक्ष श्रीमान अटल बिहारी वाजपेयी। भाजपा के प्रथम अध्यक्ष के रूप में उन्होंने जिस प्रकार अपनी पार्टी को एक सुदृढ़ नींव प्रदान की, एक सैद्धांतिक आधार दिया, पार्टी विद डिफरेंस के आसन पर विराजित किया वह सब एक तपस्या ही है। अटल जी से लेकर जे पी नड्डा तक भाजपा की अध्यक्षीय परंपरा, संघ परंपरा के संवाहक के रूप में ही हमें दिखती चली आई है। अटल जी, लालकृष्ण आडवाणी जी, मुरली मनोहर जी, कुशाभाऊ ठाकरे जी, जना कृष्णमृति जी, वैंकया नायडू जी, राजनाथ जी, नितिन गड़करी जी, अमित शाह जी, जेपी नड्डा जी तक की अध्यक्षीय परंपरा पर संघ, जनसंघ व भाजपा की समूची तपस्या व साधना का अमिट प्रभाव रहा है।

1 मई, 1977 को भारतीय जनसंघ ने लगभग पाँच हज़ार प्रतिनिधियों के एक अधिवेशन में अपना विलय जनता पार्टी में कर दिया था। शीघ्र ही, जनता पार्टी का प्रयोग विफल हो गया था। इस स्थिति में सर्वाधिक किंकर्तव्यमूढ़ स्थिति में जनसंघ के कार्यकर्ता को खड़े होना चाहिए था। सर्वाधिक सांगठनिक हानि जनसंघ की ही हुई थी। जनसंघ का सामान्य कार्यकर्ता गहन हताश और निराश हो जाना चाहिए था! किंतु ऐसा कतई नहीं हुआ!! क्योंकि, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शीर्ष नेतृत्व स्थितियों को केवल भाँप ही नहीं रहा था अपितु भली भाँति नब्ज पर हाथ रखें हुए था। स्वयंसेवकों के समक्ष स्वयंसेवक होने या जनता पार्टी के सदस्य होने में से किसी एक को चुनने का यक्ष प्रश्न उभर रहा था। इस बेला में ही भाजपा जन्म का बीजारोपण हो चुका था। यही कारण था कि, 4 अप्रैल, 1980 को जनता पार्टी की राष्ट्रीय कार्यसमिति ने अपने सदस्यों के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सदस्य होने पर प्रतिबंध लगाया और मात्र दो सूर्योदय के बाद 6 अप्रैल, 1980 को भाजपा स्थापित हो चुकी थी। यह संघ के संत जैसे प्रचारकों व देवस्वरूप गृहस्थ कार्यकर्ताओं की दूरदृष्टि का ही परिणाम था।

भाजपा के सभी अध्यक्षीय कार्यकाल एक से बढ़कर एक रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्षों की भौगोलिक या राज्यीय पृष्ठभूमि, सांगठनिक पृष्ठभूमि, कार्यशैली, भाषायी पृष्ठभूमि, शिक्षा क्षेत्र, अनुभव बड़े ही विविधतापूर्ण रहे हैं। मात्र 45 वर्ष की आयु वाले इस युवा संगठन का समूचे देश में सतत व तीव्रता से बढ़ता हुआ जनाधार ही इसकी अद्भुत व सफल अध्यक्षीय परंपरा का परिचायक है।

आज भाजपा के बड़े स्तर पर सत्तासीन हो जाने से लोग बहुधा एक बात कहते हैं; अरे, अब यह पार्टी विद डिफ़रेंस नहीं रही। विरोधी दल स्वानंद के लिए यह कह लें किंतु भाजपा आज भी पार्टी विद डिफ़रेंस ही है!! भाजपा में अनेक दलों से करोड़ो कार्यकर्ता आकर सम्मिलित हुए हैं, लाखों पदाधिकारी आए, हजारो सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधि आये; किंतु क्या भाजपा ने क्या मंदिर को छोड़ा? कश्मीर को छोड़ा? समान नागरिक संहिता को छोड़ा? तुष्टिकरण के विरुद्ध अभियान को छोड़ा? हिंदुत्व के आग्रह को छोड़ा? और तो और भारतीय मुस्लिम महिला समाज को, उसकी दोज़ख़ी कुप्रथाओं से बाहर निकालने का नया काम भी भाजपा ने अपने हाथों में ले लिया!! यह श्रृंखला, यह कृतत्व ही बताता है कि भाजपा आज भी द पार्टी विद डिफरेंस ही है।

आप पिछले एक दो दशक में सभी भारतीय दलों दलों द्वारा विकसित किये गए विमर्शों को जांचे तो पता चलेगा की वैचारिक दृष्टि से शेष दल सुविधाभोगी हो गए हैं किंतु भाजपा ने अपना वैचारिक आग्रह नहीं छोड़ा। भाजपा ने दुसरे दलों से कार्यकर्ता, पदाधिकारी, विधायक, सांसद अपने दल में लिए अवश्य किंतु आने वाले व्यक्ति और उनके विचार बदले हैं भाजपा का वैचारिक आग्रह नहीं बदला है। भाजपा आज भी अपने संघी ध्रुव पर, एकात्म मानववाद पर, अन्त्योदय पर, राममंदिर पर, समान नागरिक संहिता पर, मुस्लिम सुधार पर और ऐसे अनेक विषयों पर अंगद और अटलभाव से खड़ी हुई है। यह भाजपा की समृद्धशाली अध्यक्षीय परंपरा का ही परिणाम है। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में अल्पमत की सरकार बनाने के बाद भी नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा संसद में नए वक्फ़ बिल उम्मीद का प्रस्तुत होने से लेकर पारित होने तक की प्रक्रिया, भाजपा की अटल जी से लेकर जेपी नड्डा तक की राष्ट्रनिष्ठ अध्यक्षीय परंपरा का प्रताप ही है।

## श्रीराम के प्रकृति-प्रेम की सकारात्मक ऊर्जा

भारतीय संस्कृति में हरे-भरे पेड़, पवित्र नदियां, पहाड़, झरनों, पशु-पक्षियों की रक्षा करने का संदेश हमें विरासत में मिला है। स्वयं भगवान श्रीराम व माता सीता 14 वर्षों तक वन में रहकर प्रकृति को प्रदूषण से बचाने का संदेश दिया।

एक युगांतरकारी घटना के तहत भगवान श्रीराम पांच सौ वर्षों के बाद टेंट से निकलकर मन्दिर में स्थापित हुए। भारत के जन-जन को रामराज्य की सकारात्मक ऊर्जा मिलने लगी है, भारत ने एक नये युग में प्रवेश किया। जितनी आस्था एवं भक्ति से जन-जन ने श्रीराम के प्रति भक्ति एवं आस्था व्यक्त की है, उतनी ही आस्था एवं संकल्प से अब हर व्यक्ति को श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में उतारना होगा, स्वयं को श्रीराममय एवं प्रकृतिमय बनाना होगा, तभी प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव रामनवमी मनाना सार्थक होगा। श्रीराम के चौदह वर्ष के वनवास से हमें पर्यावरण संरक्षण की प्रेरणा मिलती है। जन्म, बचपन, शासन एवं मृत्यु तक उनका सम्पूर्ण जीवन प्रकृति-प्रेम एवं पर्यावरण चेतना से ओतप्रोत है। आज देश एवं दुनिया में पर्यावरण प्रदूषण एवं जलवायु परिवर्तन ऐसी समस्याएं हैं जिनका समाधान श्रीराम के प्रकृति प्रेम एवं पर्यावरण संरक्षण की शिक्षाओं से मिलता है।

भारतीय संस्कृति में हरे-भरे पेड़, पवित्र नदियां, पहाड़, झरनों, पशु-पक्षियों की रक्षा करने का संदेश हमें विरासत में मिला है। स्वयं भगवान श्रीराम व माता सीता 14 वर्षों तक वन में रहकर प्रकृति को प्रदूषण से बचाने का संदेश दिया। ऋषि-मुनियों के हवन-यज्ञ के जरिए निकलने वाले ऑक्सीजन को अवरोध पहुंचाने वाले दैत्यों का वध करके प्रकृति की रक्षा की। जब श्रीराम ने हमें प्रकृति के साथ जुड़कर रहने का संदेश दिया है तो हम वर्तमान में क्यों प्रकृति के साथ खिलवाड़ करने में लगे हैं। हमारा कर्तव्य है कि हम प्रकृति की रक्षा करें।

## गंभीर खतरे की घंटी है प्लास्टिक एवं माइक्रोप्लास्टिक

प्रकृति को पस्त करने, वायु एवं जल प्रदूषण, कृषि फसलों पर घातक प्रभाव, मानव जीवन एवं जीव-जन्तुओं के लिये जानलेवा साबित होने के कारण समूची दुनिया में बढ़ते प्लास्टिक एवं माइक्रोप्लास्टिक के कण एक बड़ी चुनौती एवं संकट है। पिछले दिनों एक अध्ययन में मनुष्य के मस्तिष्क में प्लास्टिक के नैनो कणों के पहुंचने पर चिंता जतायी गई थी। दावा था कि प्रतिदिन सैकड़ों माइक्रोप्लास्टिक कण सांसों के जरिये हमारे शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। ऐसे तमाम नये राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय शोध-सर्वेक्षण-अध्ययन चेतावनी दे रहे हैं कि हमारी सांसों, पेयजल व फसलों में घातक माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी एक गंभीर संकट है। विश्व की कई शोध पत्रिकाओं में छपे शोध-लेख समय-समय पर विभिन्न अध्ययनों के चेताने वाले निष्कर्ष प्रकाशित करते रहते हैं। संकट तो यहां तक बढ़ गया है कि प्लास्टिक के कण पौधों की प्रकाश संश्लेषण प्रक्रिया को प्रभावित करने लगे हैं, जिससे खाद्य श्रृंखला में शामिल कई खाद्यान्नों की उत्पादकता में गिरावट आ रही है। ऐसा निष्कर्ष अमेरिका-जर्मनी समेत कई देशों के साझे अध्ययन के बाद सामने आया है। दरअसल, प्लास्टिक कणों के हस्तक्षेप के चलते पौधों के भोजन सृजन की प्रक्रिया बाधित हो रही है। इस तरह माइक्रोप्लास्टिक की दखल भोजन, हवा व पानी में होना न केवल प्रकृति, कृषि, पर्यावरण वरन मानव अस्तित्व के लिये गंभीर खतरे की घंटी ही है। जिसे बेहद गंभीरता से लिया जाना चाहिए और सरकारों को इस संकट से मुक्ति की दिशाएं उद्घाटित करने के लिये योजनाएं बनानी चाहिए। माइक्रोप्लास्टिक हमारे वातावरण का एक हिस्सा बन चुके हैं। प्लास्टिक की बहुलता एवं निर्भरता के कारण मौत हमारे सामने मंडरा रही है। हम चाहकर भी प्लास्टिकमुक्त जीवन की कल्पना नहीं कर पा रहे हैं, क्योंकि माइक्रोप्लास्टिक जीवन में हैं, हवा में हैं, पानी में हैं, नदी में हैं, समुद्र में हैं, बारिश में हैं, और इन सबके चलते वे हमारे भोजन में भी हैं, हम मनुष्यों के भी, पशुओं के भी और शायद सभी प्राणियों के जीवन में भी हैं। लगातार दूषित होते जल, जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता और भूमि क्षरण जैसे मुद्दों पर सरकार की जागरूकता एवं सहयोग का भरोसा दिलाया जाता रहा है। प्लास्टिक प्रदूषण के खतरों को देखते हुए सरकार ने ठान लिया है कि भारत में सिंगल यूज प्लास्टिक के लिए कोई जगह नहीं होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूर्व में ही देश को स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्लास्टिक कचरे से मुक्त करने की अपील करते हुए एक महाभियान का शुभारंभ कर चुके हैं। प्लास्टिक के कारण देश ही नहीं, दुनिया में विभिन्न तरह की समस्याएं पैदा हो रही हैं। इसके सीधे खतरे दो तरह के हैं। एक तो प्लास्टिक में ऐसे बहुत से रसायन होते हैं, जो कैंसर का कारण माने जाते हैं। इसके अलावा शरीर में ऐसी चीज जा रही है, जिसे हजम करने के लिए हमारा शरीर बना ही नहीं है, यह भी कई तरह से सेहत की जटिलताएं पैदा कर रहा है। इसलिए आम लोगों को ही इससे मुक्ति का अभियान छेड़ना होगा, जागृति लानी होगी। चिंता की बात यह भी है कि विकासशील देशों में सरकारें रोटी, कपड़ा व मकान जैसी मूलभूत सुविधाओं के जुगाड़ में लगे रहने और गरीबी की समस्या से जूझते हुए,

## जीवन में अच्छे दिन शुरू होने से पहले मिलने लगते हैं ये संकेत, जानिए क्या कहते हैं बाबा नीम करोली

बाबा नीम करोली का आश्रम उत्तराखंड के नैनीताल जिले में स्थित है। बता दें कि बाबा नीम करोली ने कई ऐसे शुभ संकेतों के बारे में बताया है, जो व्यक्ति को अच्छे दिनों के आने का संकेत देती हैं। बाबा के भक्तों में आम लोगों से लेकर राजनेता आदि तक शामिल हैं।

नीम करोली बाबा एक ऐसे संत थे, जिनके सिर्फ भारतीय भक्त ही नहीं बल्कि विदेशी भक्त भी हैं। बाबा के दर पर आम लोगों से लेकर राजनेता और तमाम बड़ी हस्तियां माथा टेकने के लिए आती हैं। उनके भक्त बाबा नीम करोली को हनुमान जी का अवतार मानते हैं और उनकी चमत्कार की कहानियां हर जगह फैली हैं। बाबा नीम करोली का आश्रम उत्तराखंड के नैनीताल जिले में स्थित है। बता दें कि बाबा नीम करोली ने कई ऐसे शुभ संकेतों के बारे में बताया है, जो व्यक्ति को अच्छे दिनों के आने का संकेत देती हैं। अगर आपको अचानक से साधु या संतों के दर्शन या मुलाकात हो जाती है, तो समझिए आपकी किस्मत पलटने वाली है। साधु-संतों के दर्शन करना काफी शुभ संकेत माना जाता है। नीम करौली बाबा के अनुसार, पितरों का आपके सपने में आना एक शुभ संकेत माना जाता है। खासतौर पर अगर सपने में पूर्वज आशीर्वाद दे रहे हैं, तो यह इस बात का संकेत है कि जीवन में कृपा बरसने वाली है।

## स्टार्टअप्स-भारत की नवाचार क्रांति का सुलगना

पीयूष गोयल

प्रयागराज संगम पर महाकुंभ की शानदार सफलता के बाद, अब विकास की तीन धाराओं - नवाचार, रोजगार सृजन और उद्यमिता के संगम का जश्न मनाने का समय आ गया है, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विकास और विरासत की कल्पना को जीवंत और उत्साहपूर्ण भारत के लिए आगे ले जाएगा। ये तीनों धाराएँ 3 अप्रैल को स्टार्टअप महाकुंभ में समाहित होंगी। प्रयागराज में हुए विस्मयकारी आध्यात्मिक समागम की तरह, स्टार्टअप महाकुंभ का आयोजन भी भव्य और वैश्विक स्तर पर किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में 3,000 से अधिक स्टार्टअप, 1,000 से अधिक निवेशक, 500 से अधिक वक्ता और दुनिया भर से 15,000 से अधिक प्रतिनिधि और व्यवसायी शामिल होंगे, जिसमें 50 से अधिक देशों की भागीदारी होगी। यह स्टार्टअप के लिए सहयोग, मार्गदर्शन, धनउपलब्ध कराने और नए बाजारों तक पहुंच का पता लगाने के लिए एक शक्तिशाली मंच होगा। समर्पित विशेषज्ञों की कक्षाएं, ज्ञान सत्र और नेटवर्किंग फ़ोरम के साथ, यह कार्यक्रम न केवल नवाचार को बढ़ावा देगा बल्कि उद्यमियों की अगली पीढ़ी को अपने स्वयं के उद्यम शुरू करने के लिए प्रेरित भी करेगा। साथ ही, इस वर्ष के महाकुंभ में, तीन-स्तरीय निवेशक-नेतृत्व वाली जूरी प्रक्रिया 50 करोड़ रुपये के पुरस्कार पूल के साथ भारत के सबसे बड़े निजी क्षेत्र द्वारा वित्त पोषित ग्रैंड इनोवेशन चैलेंज में 150 फाइनलिस्ट का चयन करेगी। नवाचार - चाहे शतरंज का खेल हो या प्राचीन भारत में 'शून्य' की अवधारणा, या आज का यूपीआई, चंद्रयान और मंगलयान, नवाचार हमेशा से ही भारतीय डीएनए का हिस्सा रहा है। स्वस्थ अनुसंधान और विकास के माध्यम से प्राप्त नए विचार, नवीन वस्तुएं और सेवाएं भारत को 2047 तक विकसित देश बनने के अपने मिशन में आगे बढ़ाएंगी। उपयुक्त रूप से, इस कार्यक्रम का विषय स्टार्टअप इंडिया 2047 है। प्रधानमंत्री मोदी की कल्पना - 2015 में स्वतंत्रता दिवस के अपने भाषण में प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को वैश्विक स्टार्टअप हब बनाने और देश को रोजगार सृजन करने वाले देश में बदलने का अपना सपना स्पष्ट किया। इसके तुरंत बाद, परिवर्तनकारी स्टार्टअप इंडिया पहलशुरू की गई। प्रधानमंत्री मोदी की इस पहल ने युवा ऊर्जा का ऐसा ज़बरदस्त प्रवाह पैदा किया है जो भारत के उद्यमशीलता परिदृश्य को बदल रहा है। पंजीकृत स्टार्टअप की संख्या 2016 में लगभग 500 से बढ़कर अब लगभग 1.7 लाख हो गई है। ये उद्यम फिन-टेक, डीप-टेक, एड-टेक, नैनो-टेक, बायो-टेक, स्पेस-टेक, एग्री-टेक और हेल्थ-टेक सहित 55 से अधिक क्षेत्रों में फैले हुए हैं,

## त्रिशूल लेने की परंपरा भगवान शंकर के द्वारा ही प्रारम्भ हुई

दैहिक ताप वे होते हैं, जो देह से मानव को सताते हैं। जैसे बुखार अथवा चोट लगना इत्यादि। दैविक तापों में वे ताप होते हैं, जो अदृश्य शक्तियों के प्रभाव से आते हैं, जैसे किसी को श्राप, जादू टोना इत्यादि लग जाना। इसके पश्चात भौतिक ताप उसे कहा गया है, जो ताप भूकंप, बाढ़ अथवा बारिश इत्यादि से आते हैं। भगवान शंकर के एक हाथ में त्रिशूल व डमरु है। हालाँकि सनातन धर्म में अनेकों ही देवी देवता हैं, जिनके हाथों में, कोई न कोई शस्त्र अवश्य होता है। किंतु त्रिशूल लेने की परंपरा भगवान शंकर के द्वारा ही प्रारम्भ हुई। वे हाथ में तलवार अथवा धनुष बाण भी ले सकते थे। कारण कि धनुष बाण उनके आराध्य देव, श्रीराम जी का शस्त्र भी है। किंतु उनके द्वारा धारण किया गया शस्त्र 'त्रिशूल' अपने आप में अनेकों भेद छुपाये हुए है। त्रिशूल शब्द का अर्थ होता है तीन प्रकार के शूल।

## किसानों की मांग में क्या जटिलता

अजीत द्विवेदी

पंजाब की सरकार ने पुलिस भेज कर और बुलडोजर व जेसीबी चलवा कर किसानों का आंदोलन समाप्त करा दिया। पंजाब और हरियाणा के शंभू व खनौरी बॉर्डर पर बैठे किसानों को हिरासत में लिया गया और उनके आंदोलन के लिए बनाए गए मंच और दूसरे निर्माण को तोड़ कर गिरा दिया गया। यह आंदोलन 13 महीने से चल रहा था। एक तरफ केंद्र सरकार किसानों के साथ बातचीत का दिखावा कर रही थी तो दूसरी ओर पंजाब सरकार ने सीधी कार्रवाई करके किसानों का आंदोलन खत्म कराया। सवाल है कि केंद्र सरकार की सात या आठ दौर की किसानों से बातचीत में क्या हो रहा था, जो बातचीत एक कदम आगे नहीं बढ़ रही थी हर बातचीत के बाद एक नई तारीख तय हो रही थी। सोचें, रूस और यूक्रेन के युद्ध जैसे जटिल मसले पर पहली बैठक में युद्धविराम की सहमति बन गई। लेकिन किसानों की मांग में ऐसी क्या जटिलता थी कि अनेक दौर की बातचीत के बाद भी कोई बताने लायक सहमति नहीं बन पा रही थी जाहिर है केंद्र सरकार किसानों को थका देने की रणनीति पर काम कर रही थी और इसके साथ ही आंदोलन को दूसरे समूहों के बीच अलोकप्रिय बनाने का अभियान भी चल रहा था।

किसानों के राष्ट्रीय आंदोलन यानी नवंबर 2020 में दिल्ली की सीमा पर हुए और एक साल तक चले आंदोलन की तुलना जब फरवरी 2024 में पंजाब के शंभू व खनौरी बॉर्डर पर हुए आंदोलन से करते हैं तो कई चीजें स्पष्ट होकर सामने आती हैं। इससे जो सबक निकल रहा है वह देश के सभी राज्यों और सभी समूहों के लिए ध्यान देने वाला है। केंद्र सरकार ने पहले आंदोलन से सबक सीखा था और इसलिए उसने वैसे किसी टूल्स का इस्तेमाल नहीं किया, जिससे किसानों को सहानुभूति मिले। दूसरे उसने देख लिया था कि यह आंदोलन पंजाब और हरियाणा की सीमा पर हो रहा है तो उससे निपटने का जिम्मा भी उसने दोनों राज्यों पर छोड़ दिया। चूंकि किसानों की मांग केंद्र सरकार से थी तो केंद्र सरकार के मंत्री नियमित अंतराल पर किसानों से बात करते रहे। यानी केंद्र सरकार अच्छी बनी रही। सुप्रीम कोर्ट भी अच्छा बना रहा। क्योंकि वहां भी लगातार सुनवाई होती रही। ऐसा लगता रहा, जैसे सुप्रीम कोर्ट किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की सेहत को लेकर बहुत ज्यादा चिंतित है। लेकिन सुप्रीम कोर्ट की लगातार सुनवाई और कथित फटकार के बावजूद उस मामले में भी सूई की नोक बराबर बदलाव नहीं आया।

इस पूरे प्रकरण में तीन चीजें बहुत स्पष्ट होती दिखीं। पहली चीज है किसान संगठनों का बिखराव। जिस तरह से केंद्र सरकार के बनाए तीन विवादित कानूनों को खत्म कराने के लिए देश भर के किसान संगठन एकजुट हुए और तमाम समूहों के बावजूद संयुक्त किसान मोर्चा की एक कमान में आंदोलन हुआ वह इस बार नहीं दिख रहा था।


पहली बार नंवबर 2021 में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय टेलीविजन पर आकर विवादित कानूनों को वापस लेने का ऐलान किया और आंदोलन खत्म हुआ तो किसान समूहों के अंदर सर्वशक्तिशाली सरकार को झुका देने की भावना आ गई। उसके बाद किसान संगठनों में बिखराव शुरू हुआ। विवादित कानूनों को वापस लेते समय ही केंद्र सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी की गारंटी देने का कानून बनाने के लिए समिति बनाने की सहमति दी थी। केंद्र सरकार कई मांगों पर सहमत हो गई थी लेकिन एकजुट रह कर किसान संगठन उन मांगों को पूरा करने का दबाव नहीं बना सके। सबने अपनी डफली अपना राग शुरू कर दिया।

दूसरी चीज यह हुई कि पहले आंदोलन को जो लोकप्रिय समर्थन हासिल हुआ वह दूसरे आंदोलन को नहीं हो सका। इसका एक कारण तो किसान संगठनों का बिखराव था लेकिन दूसरा और बड़ा कारण आम नागरिकों की थकान थी या मोहभंग था। उनको लगा कि किसान बार बार क्यों आंदोलन पर बैठ रहे हैं जब पहली बार आंदोलन किया तभी क्यों नहीं अपनी सारी मांगें मनवा ली थी वैसे भी पुरानी कहावत है कि काठ की हांडी बार बार नहीं चढ़ती है। यह हकीकत है कि देश में भ्रष्टाचार खत्म होने की बजाय बढ़ गया है और लोकपाल कुछ नहीं कर पाया है लेकिन क्या अन्ना हजारे या कोई भी दूसरा व्यक्ति भ्रष्टाचार पर कोई आंदोलन खड़ा कर सकता है नहीं कर सकता है! तभी किसानों ने पंजाब और हरियाणा की सीमा पर दो जगह, जो आंदोलन खड़ा किया उसको लोकप्रिय समर्थन नहीं मिला और उसकी चमक नहीं बनी। केंद्र सरकार ने भी इस आंदोलन को थोड़ी गंभीरता से तभी लिया जब डल्लेवाल ने आमरण अनशन शुरू किया।

तीसरी चीज यह है कि कृषि और किसान से ज्यादा कारोबारियों का दबाव सरकार ने महसूस किया। शंभू और खनौरी बॉर्डर बंद होने से आम लोगों को आने जाने में जो परेशानी हो रही थी वह अपनी जगह थी। लेकिन इससे कारोबार का बड़ा नुकसान हो रहा था। माल ढुलाई के लिए लंबा रास्ता लेना पड़ रहा था, जिससे सामान पहुंचने में ज्यादा समय लग रहा था और कीमत बढ़ रही थी। इससे कारोबारी नाराज थे और सरकार पर दबाव डाल रहे थे तो आम लोगों की भी नाराजगी थी। आंदोलन जितना लंबा चला लोगों की नाराजगी और इस आंदोलन से दूरी उतनी बढ़ती गई। सुप्रीम कोर्ट में बार बार मिल रही तारीखों और केंद्र सरकार के वार्ता के दिखावे ने इसे लंबा चलाने पर मजबूर कर दिया। इससे कारोबारी संगठन नाराज हुए और उन्होंने सरकार पर दबाव डाला कि वह इस आंदोलन को खत्म कराए।

तभी इसका एक बड़ा सबक तो यही है कि किसी आंदोलन के लंबे समय तक चलने का यह मतलब नहीं होता है कि वह सफल होगा या उससे वांछित लाभ प्राप्त किया जा सकेगा। कई बार आंदोलन की तीव्रता ज्यादा महत्वपूर्ण होती है बनिस्पत इसके कि वह कितना लंबा चला। लंबे आंदोलन की तीव्रता अक्सर कम हो जाती है। नवंबर 2020 से नवंबर 2021 तक चला आंदोलन इसका अपवाद था। दूसरा सबक यह है कि किसानों को सरकार की सत्ता से टकराने के लिए ज्यादा मजबूत सांगठनिक ताकत, एकजुटता और प्लानिंग की जरुरत है। सरकारों ने ऐसे टूल्स विकसित कर लिए हैं, जिनके जरिए वह एक समूह के आंदोलन को दूसरे अनेक समूहों के विरोध में खड़ा कर सकती हैं।

## -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि: आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आज सफलता मिलने से थकान दूर हो जाएगी। आज आपकी कार्यशैली से लोग प्रभावित होंगे। आज प्रॉपर्टी संबंधी कार्य संपन्न होंगे।

वृष राशि: आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आत्मविश्वास और अच्छे मनोबल के कारण आप बड़ी उपलब्धि प्राप्त करेंगे। आप अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रयासरत रहेंगे।

मिथुन राशि: आज आपका दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। आज अत्यधिक जिम्मेदारियां रहेंगी परंतु आप उचित व्यवस्था बनाकर सबका हल निकाल लेंगे। आज संतान पक्ष से शुभ समाचार मिलने के योग बने हुए है।

कर्क राशि: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। अनुभवी लोगों से मेल-मिलाप तथा नई जानकारियां हासिल होंगी। आज क्रोध के कारण परिस्थितियां और अधिक बिगड़ सकती हैं, किसी भी मामले का शांतिपूर्ण तरीके से समाधान निकालने का प्रयास करें।

सिंह राशि: आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज कई तरह के गतिविधियों में आपका रुझान रहेगा। आज आप ध्यान रखें कि नकारात्मक परिस्थिति बने तो धैर्य और शांति रखना ही उचित है।

कन्या राशि: आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज कार्यप्रणाली बेहतर होगी तथा किसी काम में सफलता मिलने से उत्साह बढ़ेगा। जिससे दिन भर की भाग-दौड़ भूल जाएंगे।

तुला राशि: आज नए कार्यों को करने में आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आज व्यवसाय में बहुत अधिक फोकस रहना जरूरी है। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। किसी प्रतियोगी परीक्षा का परिणाम आपके पक्ष में आयेगा।

वृश्चिक राशि: आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज सकारात्मक गतिविधियों में खुद को व्यस्त रखेंगे। आज अपने गुस्से को कंट्रोल में रखें तथा फिजूलखर्चे पर भी नियंत्रण रखें।

धनु राशि: आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। आज कुछ नई उपलब्धियां आपका इंतजार कर रही हैं। इस बेहतरीन समय का उचित सदुपयोग करें ।

मकर राशि: आज आपकी कई योजनाएँ समय से पूरी हो जायेंगी। आज बड़े बुजुर्गों के मार्गदर्शन से आप रुका हुआ काम पूरा कर लेंगे। आज व्यर्थ के खर्चे पर नियंत्रण रखें।

कुंभ राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वला है। आज आप कुछ बड़ा और अलग काम करने की सोच सकते है। आज का दिन परिवार के साथ हर्षोल्लास में बीतेगा।

मीन राशि: आज आपके अधूरे कार्य पूरे हो जायेंगे। आज आप बच्चों से मित्रवत व्यवहार रखें तथा उनकी समस्याओं को सुने और सुलझाएं। आज व्यवसाय में रोज की अपेक्षा अच्छा लाभ



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने नौकरी गंवाने वाले शिक्षकों से मुलाकात की। सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता हाईकोर्ट के उस आदेश को बरकरार रखा है, जिसमें एसएससी द्वारा बंगाल के स्कूलों में 25,000 से अधिक कर्मचारियों की नियुक्ति को रद्द कर दिया गया था। ममता बनर्जी ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था को बर्बाद करने की साजिश चल रही है। 9वीं, 10वीं, 11वीं, 12वीं के शिक्षक ही उच्च शिक्षा के द्वार हैं। कई ( शिक्षक ) गोल्ड मेडलिस्ट हैं, उन्होंने अपने जीवन में बहुत अच्छे परिणाम हासिल किए हैं, और आप उन्हें चोर कह रहे हैं।



# हां, मैं जुनूनी हूं : संसद में राष्ट्रीय हित की आवाज उठाने पर राघव चड्ढा ने दिया जवाब

नई दिल्ली (आरएनएस)। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने शुक्रवार को देश के आर्थिक हितों की रक्षा के लिए हमेशा प्रयास करने को लेकर अपनी प्रतिबद्धता को उजागर करते हुए, सोशल मीडिया पर चेयरमैन जगदीप धनखड़ के साथ बातचीत का एक वीडियो क्लिप पोस्ट किया, जिसका शीर्षक था, हां, मैं जुनूनी हूं। यह पोस्ट गुरुवार को प्रश्नकाल के दौरान सामने आए एक प्रकरण से संबंधित है, जब चड्ढा ने अमेरिकी बिजनेस टाइकून एलन मस्क और उनकी सैटेलाइट इंटरनेट कंपनी स्टारलिंक से जुड़े एक मुद्दे को उठाया। जैसे ही पंजाब के सांसद ने चीजों को संदर्भ में रखना शुरू किया और यूक्रेन में मस्क के कामों के बारे में बताया, तो अध्यक्ष ने मजाक करते हुए उन्हें टोका कि वे हमेशा कोई और क्या कर रहा है इसी बारे में क्यों सोचते रहते हैं। अध्यक्ष ने उनसे यह भी कहा कि उन्हें किसी ऐसी चीज़ पर ध्यान देना चाहिए जो ज्यादा भारतीय हो।

इस पर चड्ढा ने जवाब देते कहा, सर, मैं ऐसी हर चीज से पूरी तरह जुड़ा हुआ हूं जो भारतीय हितों और विशेष रूप से भारतीय आर्थिक हितों को नुकसान पहुंचाती है। और यही बात मुझे सदन में लाती है और मैं अपने देश को नुकसान पहुंचाने वाले हर मुद्दे को जोश से उठाता रहूंगा।

चड्ढा ने स्टारलिंक द्वारा भारतीय सुरक्षा एजेंसियों के साथ कथित असहयोग पर प्रकाश डालने से पहले तर्क किया, सर, आप समझ गए होंगे कि मेरा सवाल सिर्फ और सिर्फ भारत के बारे में है। स्टारलिंक सैटेलाइट आधारित सेवाएं प्रदान करती है।

उन्होंने स्टारलिंक नेविगेशन सैटेलाइट के कथित दुरुपयोग की ओर इशारा किया। इसका इस्तेमाल म्यांमार के एक ड्रग सिंडिकेट द्वारा किया जा रहा था, जिसका खुलासा अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में एक छापेमारी के दौरान हुआ। उन्होंने यह भी कहा कि स्टारलिंक ने गोपनीयता का हवाला देते हुए उपकरणों के बारे में जानकारी साझा करने से इनकार कर दिया।

राघव चड्ढा ने पूछा, इस तथ्य को देखते हुए कि स्टारलिंक ने डेटा गोपनीयता कानूनों का हवाला देते हुए भारतीय अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण डेटा साझा करने से इनकार कर दिया, तो भारत सरकार डेटा साझा करने और स्टारलिंक के संभावित दुरुपयोग से निपटने के लिए क्या योजना बना रही है?

अपने पूरक प्रश्न के हिस्से के रूप में, चड्ढा ने अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए रेसिप्रोकल टैरिफ के मुद्दे पर भी बात की और कहा, हमने अडिग वफादारी की पेशकश की, लेकिन बदले में, ट्रंप प्रशासन ने ट्रंप टैरिफ लगाया है जो भारतीय अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर सकता है।

भारतीय हितों की रक्षा के लिए, उन्होंने सुझाव दिया, क्या भारत सरकार को एलन मस्क के स्टारलिंक के लिए आवश्यक अनुमोदन को रोककर नहीं रखना चाहिए ताकि इसे ट्रंप टैरिफ पर फिर से बातचीत करने के लिए सौदेबाजी के रूप में इस्तेमाल किया जा सके?

**बजट सत्र 2025 में संसद ने बनाया नया रिकॉर्ड, 17 घंटे से अधिक चली चर्चा : किरेन रिजिजू**

नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बजट सत्र 2025 के समापन की जानकारी दी। उन्होंने इस सत्र को बेहद उत्पादक बताते हुए कहा कि संसद ने नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। रिजिजू ने लोकसभा और राज्यसभा के सभी सदस्यों, अध्यक्षों, स्पीकर और राजनीतिक दलों के नेताओं का आभार जताया, जिनके सहयोग से यह संभव हुआ। रिजिजू ने बताया कि इस सत्र में राज्यसभा ने 17 घंटे और 2 मिनट की लंबी चर्चा के साथ इतिहास रचा। संशोधन विधेयक पर यह चर्चा हुई,




अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसद महुआ मोइत्रा और अन्य सांसद नई दिल्ली में अठारहवीं लोकसभा के बजट सत्र के दौरान संसद भवन में विरोध प्रदर्शन करते हुए।



उपराष्ट्रपति और रा%यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने नई दिल्ली स्थित संसद भवन में विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसदों के साथ बातचीत की.

# राज्य सरकार का उद्देश्य लोगों के जीवन को आसान बनाना है : नायब सिंह सैनी

चंडीगढ़ (आरएनएस)। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज यहां वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला और उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविरों में जनता से बातचीत की। बातचीत के दौरान उन्होंने लोगों की संतुष्टि के स्तर के बारे में प्रत्यक्ष रूप से जानकारी हासिल की। मुख्यमंत्री ने उपायुक्तों और उपमंडल मजिस्ट्रेटों (एसडीएम) को भी प्रतिदिन व्यक्तिगत रूप से शिविर में उपस्थित होकर लोगों की शिकायतों का मौके पर ही समाधान करने के निर्देश दिए, ताकि शिकायतों का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने उपायुक्तों और एसडीएम से प्राप्त शिकायतों, निपटाई गई शिकायतों और लंबित शिकायतों की संख्या के बारे में भी जानकारी हासिल की। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि अक्टूबर से मार्च 2025 तक सभी जिलों में समाधान शिविरों में प्राप्त 18,925 शिकायतों में से 10,955 शिकायतों का समाधान किया जा चुका है, 6,639 लंबित हैं और 1,331 को खारिज कर दिया गया है। इसी प्रकार, राज्यभर में शहरी स्थानीय निकायों में आयोजित समाधान शिविरों में प्राप्त 8,635 शिकायतों में से 5,761 का समाधान किया जा चुका है, 1,813 लंबित हैं और 1,061 को खारिज कर दिया गया है।

विभिन्न विभागों से संबंधित जन शिकायतों का एक ही स्थान पर समाधान करने के लिए लगाए जा रहे समाधान शिविर

नायब सिंह सैनी ने कहा कि विभिन्न विभागों से संबंधित जन शिकायतों का एक ही स्थान पर समाधान सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार ने जिला एवं उपमंडल मुख्यालय स्तर पर समाधान शिविर शुरू किए हैं। ये शिविर प्रत्येक कार्य दिवस में प्रात: 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित किए जाते हैं। इन शिविरों में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहते हैं, ताकि अपने-अपने विभागों से संबंधित शिकायतों का त्वरित समाधान किया जा सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि समाधान शिविरों के संबंध में सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग राज्य सरकार की इस पहल का लाभ उठा सकें।

मुख्यमंत्री ने जिलों में लंबित शिकायतों का लिया संज्ञान

मुख्यमंत्री ने कुछ जिलों में शिकायतों के लंबित रहने का कड़ा संज्ञान लेते हुए उपायुक्तों को निर्देश दिए कि वे संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ मिलकर सप्ताह में एक बार इन शिकायतों की व्यक्तिगत रूप से समीक्षा करें, ताकि लंबित मामलों की संख्या शून्य हो। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि नीतिगत निर्णयों से जुड़ी शिकायतों को मुख्य सचिव कार्यालय को भेजा जाना चाहिए, जहां उनके समाधान के लिए सरकार के स्तर पर निर्णय लिए जा सकते हैं। राज्य सरकार का उद्देश्य लोगों के जीवन को आसान बनाना है, ताकि उन्हें अपने काम करवाने के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें।

## वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे ओवैसी, कांग्रेस सांसद ने दी दायर की याचिका

नई दिल्ली (आरएनएस)। वक्फ संशोधन बिल लोकसभा और राज्यसभा में पास होने के बाद जुमे की नमाज को लेकर पूरे प्रदेश में अलर्ट जारी है। इसी क्रम में यूपी की राजधानी लखनऊ, गाजियाबाद, रायबरेली और संभल में धार्मिक स्थलों के सामने से मार्च निकाला जा रहा है। साथ ही बड़ी संख्या में पुलिस तैनात है। वहीं, अब लोकसभा और राज्यसभा से पास हुए वक्फ संशोधन बिल को देश की सबसे बड़ी अदालत में चुनौती दी गई है।

हैदराबाद सांसद असदुद्दीन ओवैसी वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रूख किया हैं। औवेसी ने देश की सर्वोच्च अदालत में इस संशोधन बिल के खिलाफ याचिका दायर की है। ओवैसी से पहले बिहार के कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद ने वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। ऐसे में अभी तक वक्फ बिल के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दो याचिका दाखिल कर दी गई है। राज्यसभा से गुरुवार को बिल पास होने के बाद कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने कहा था कि कांग्रेस हम सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। तमिलनाडु की छ्रस्य ने भी याचिका लगाने की बात कही थी। अब कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद ने वक्फ बिल के खिलाफ पहली याचिका पेश की है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भूटान के प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग तोबगे, बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस, नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली, थाईलैंड के प्रधानमंत्री पैतोंगतार्न शिनवात्रा और अन्य नेताओं के साथ बैंकॉक में बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में.

## समावेशी राजनीति में करियर : कांग्रेस ने शुरू किया डॉ. मनमोहन सिंह फेलो प्रोग्राम

नई दिल्ली (आरएनएस)। ऑल इंडिया प्रोफेशनल कांग्रेस ने पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन सिंह के नाम पर फेलो कार्यक्रम की घोषणा की है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शुक्रवार को बताया दी कि पेशेवरों के लिए इस कार्यक्रम में इच्छुक लोग आवेदन कर सकते हैं। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर जानकारी दी। उन्होंने पोस्ट में लिखा, अब समय आ गया है कि भारत के सबसे प्रतिभाशाली लोग अपनी शक्ति को राजनीति में लाएं। डॉ. मनमोहन सिंह फेलो कार्यक्रम मध्य-करियर वाले पेशेवरों के लिए है, जो सार्वजनिक जीवन में कदम रखें, ईमानदारी के साथ नेतृत्व करें, तथा एक प्रगतिशील और समावेशी भारत के निर्माण में मदद करें।

राहुल गांधी ने आवेदन करने के लिए ऑल इंडिया प्रोफेशनल कांग्रेस का एक लिंक भी साझा किया है।

कांग्रेस से मिली जानकारी के अनुसार, इस कार्यक्रम के तहत देश भर से 50 पेशेवरों का चयन किया जाएगा और उन्हें पार्टी के प्रमुख नेता प्रशिक्षित करेंगे। नेता से प्रशिक्षण मिलने के बाद इन लोगों को पार्टी से संबंधित कार्यों में लगाया जाएगा।

## वक्फ संशोधन बिल पर मायावती ने जताई असहमति, कहा- सरकार जल्दबाजी में लाई बिल

लखनऊ (आरएनएस)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने वक्फ संशोधन बिल पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने इसको लाने में जल्दबाजी की है। इस बिल से पार्टी सहमत नहीं है।

बसपा मुखिया मायावती ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि संसद में वक्फ संशोधन बिल पर सत्ता और विपक्ष को सुनने के बाद, निष्कर्ष यही निकलता है कि केंद्र सरकार यदि जनता को इस बिल को समझने के लिए कुछ और समय दे देती तथा उनके सभी संदेहों को भी दूर करके जब इस बिल को लाती तो यह बेहतर होता।

उन्होंने आगे कहा कि दु:ख की बात यह है कि सरकार ने इस बिल को बहुत जल्दबाजी में लाकर जो इसे पास कराया है, यह उचित नहीं है और अब इस बिल के पास हो जाने पर यदि सरकार इसका दुरुपयोग करती हैं, तो फिर बसपा मुस्लिम समाज का पूरा साथ देगी, अर्थात ऐसे में इस बिल से पार्टी सहमत नहीं है। ज्ञात हो कि वक्फ बिल लोकसभा से आसानी से पारित होने के बाद राज्यसभा से भी पारित हो गया। बिल के पक्ष में 128 और विपक्ष में 95 वोट पड़े। अब विधेयक को कानून बनने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पास उनकी मंजूरी के लिए भेजा जाना आवश्यक होगा। इसके पहले केंद्र सरकार ने बुधवार को लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक पास करा लिया।

सरकार को एनडीए के सभी घटक दलों का समर्थन मिला और विधेयक के पक्ष में वोट किया। हालांकि अभी विपक्षी दल इसका विरोध करके सवाल उठा रहे हैं। इस बिल को पेश करने के बाद दोनों सदनों में लंबी बहस सुनने और देखने को मिली।

## जान दे देंगे पर संशोधन नहीं मानेंगे', वक्फ बिल के विरोध में सड़कों पर उतरे मुसलमान, अलर्ट जारी

नई दिल्ली (आरएनएस)। संसद के दोनों सदनों से वक्फ संशोधन विधेयक पास होने के बाद एक तरफ जहां राजनीति में माहौल गर्माया हुआ है तो वहीं दूसरी तरफ इस विधेयक के विरोध में मुसलमान सड़कों पर उतर आए है।

भाजपा और उसके सहयोगी दलों ने इसे गरीब मुसलमानों के हित में बताया है, जबकि विपक्षी दलों ने इसे संविधान पर हमला करार दिया है और सुप्रीम कोर्ट जाने की बात कही है। बिल पास होने के बाद देश के कोलकाता, अहमदाबाद सहित कई शहरों में विरोध प्रदर्शन हो रहा है। कोलकाता के पार्क सर्कस में ज्वाइंट फोरम फॉर वक्फ प्रोटेक्शन के तरफ से विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। सड़कों पर काफी संख्या में मुस्लिम वर्ग के लोग आ गए हैं। प्रदर्शनकारियों के साथ में का बैनर भी नजर आ रहा है। इसके अलावा अहमदाबाद में भी बिल के विरोध में व्यापक प्रदर्शन हो रहा है। लोग कह रहे हैं कि वह जान दे देंगे लेकिन संशोधन को नहीं मानेंगे।




लखनऊ में टेलीवाले मस्जिद पर पुलिस बल तैनात.




रक्षा राय मंत्री संजय सेठ, मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी तथा पंचायती राज रा%य मंत्री एस. पी. सिंह बघेल तथा अन्य लोग नई दिल्ली में आकाशवाणी (आकाशवाणी) परिसर के रंग भवन सभागार में हमारी परंपरा हमारी विरासत के उद्घाटन के दौरान।


# ओबीसी अधिकारों को अनुसूची द्ध में शामिल करने की मांग को लेकर राष्ट्रीय संवाद आयोजित

नई दिल्ली (आरएनएस)। जब तक हमारी गिनती नहीं होगी, हिस्सेदारी कैसे मिलेगी? यह सवाल आज नई दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में गूंजा, जहां सैकड़ों छात्र, विद्वान और नेता एक मंच पर जुटे। यह कार्यक्रम अखिल भारतीय ओबीसी स्टूडेंट्स एसोसिएशन (द्धह्लक्ष्ट्र) द्वारा आयोजित किया गया जिसका विषय था ङ्क जातिगत जनगणना, ओबीसी आरक्षण और संवैधानिक सुरक्षा। इस कार्यक्रम में ओबीसी अधिकारों को संविधान की अनुसूची द्धङ्ग में शामिल कर उनकी रक्षा सुनिश्चित करने की मांग उठाई गई। तमिलनाडु का उदाहरण सामने रखते हुए राज्यसभा सांसद पी. विल्सन ने कहा, अनुसूची द्धङ्ग में जगह मिले तो आरक्षण को कोई चुनौती नहीं दे सकेगा। सभी दलों और संगठनों को इसके लिए एकजुट होना होगा। तमिलनाडु का 69त्न आरक्षण कानून इसकी मिसाल है, जो संवैधानिक ढाल के चलते बचा हुआ है। तेलंगाना के पिछड़ा वर्ग मंत्री पोनम प्रभाकर ने बीसी संगठनों की एकता पर जोर देते हुए कहा, तेलंगाना के आरक्षण विधेयक को अनुसूची द्धङ्ग में शामिल करने के लिए संयुक्त प्रयास जरूरी हैं। हमें नरेंद्र मोदी सरकार पर दबाव बनाना होगा ताकि आरक्षण को सुरक्षित और विस्तारित किया जा सके। द्धह्लक्ष्ट्र के राष्ट्रीय संयोजक एडवोकेट पंकज कुशवाहा और राष्ट्रीय सलाहकार अल्ला रामकृष्णा ने ओबीसी आंदोलन को मजबूत करने के लिए छात्र एकता को आवश्यक बताया।

अल्ला रामकृष्णा ने कहा- एकजुट छात्र शक्ति ही वो चिंगारी है, जो ओबीसी आंदोलन को नई रफ्तार दे सकती है। पंकज कुशवाहा ने कहा कि हम राष्ट्रीय स्तर पर बैठकें, कार्यक्रम और विरोध प्रदर्शन सड़क से लेकर संसद तक आयोजित करेंगे ताकि केंद्र सरकार पर जातिगत जनगणना कराने, आरक्षण पर 50त्न की सीमा हटाने और ओबीसी सशक्तिकरण सुनिश्चित करने के लिए दबाव बनाया जा सके। हम देश में सामाजिक न्याय को गहराई तक ले जाने के लिए कड़ी मेहनत करेंगे। इसी के साथ उन्होंने आगामी कार्यक्रम की भी घोषणा की जो 27 अप्रैल 2025 को बिहार की राजधानी पटना में आयोजित किया जाएगा।

पूर्व तेलंगाना मंत्री और बीसी नेता श्रीनिवास गौड़ ने ओबीसी समुदाय से अपील करते हुए कहा-

अगर ओबीसी समुदाय को अपने अधिकारों की रक्षा करनी है, तो नेतृत्व की कमान खुद अपने हाथों में लेनी होगी। सामाजिक न्याय सिर्फ मांगने से नहीं, प्रतिनिधित्व से मिलता है।



रश्मिका मंदाना भारत में सबसे यादा फीस लेने वाली अभिनेत्रियों में से एक हैं। फाइनेंशियल एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने संदीप रेड्डी वांगा की फ़िल्म एनिमल में %गीतांजलि% का किरदार निभाने के लिए 4 करोड़ रुपये की मोटी रकम ली। अपनी झोली में इतने सारे रोमांचक प्रोजेक्ट्स के साथ, रश्मिका वर्तमान में पेशेवर मोर्चे पर सबसे अच्छे दौर से गुज़र रही हैं। अल्लू अर्जुन के साथ पुष्पा 2ः द रूल, देव मोहन के साथ रेनबो, विक्की कौशल के साथ द गर्लफ्रेंड से लेकर छावा और धनुष के साथ कुबेर तक, रश्मिका मंदाना की फ़िल्मों की सूची वास्तव में काफी आशाजनक है।

जबलपुर दिन मंगलवार 08 अप्रैल 2025



# फैशन आकर्षक के साथ कंफर्टेबल भी होना चाहिए : नुपुर सेनन



गायिका और अभिनेत्री नूपुर सेनन लैक्मे फैशन वीक 2025 में शामिल हुईं। उन्होंने बताया कि गर्मियों के मौसम में खुद को कूल कैसे रखें। इसके साथ ही उन्होंने महिलाओं को फैशन के बारे में टिप्स भी दिए।

अभिनेत्री ने बताया, मुंबई में गर्मियों में आइसक्रीम की जरूरत होती है। तो निश्चित रूप से मैग्नम आइसक्रीम आपको खाना चाहिए। मुझे लगता है कि गर्मियों में आप भले ही पसीना बहाएं, मगर नियमित वर्कआउट करते हैं और उसके साथ अपने मौज-मस्ती को भी जारी रखते हैं, तो भले ही गर्मी है, आप उस समय मैग्नम ब्लॉसम खा सकते हैं और खुद को कूल भी रख सकते हैं। मनपसंद आइसक्रीम का खुलासा करने के बाद, अभिनेत्री ने बताया कि उन्हें मुंबई का कौन सा स्ट्रीट फूड पसंद है। उन्होंने कहा, मैं मुंबई में रहती हूं और मुझे मुंबई का बॉम्बे सैंडविच सबसे ज्यादा पसंद है, जिसमें आलू और कुछ चटनी होती है। अभिनेत्री ने अपने खुद के क्लॉथ ब्रांड के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा, मेरे पास अपना खुद का कपड़ों का ब्रांड है, जिसका नाम लेबल नोवो है। कोई भी स्टार्टअप कंपनी मुझसे जुड़ सकती है। अभिनेत्री ने फैशन के बारे में भी अपने विचार रखे। उन्होंने बताया, मेरा विचार फैशन को लेकर स्पष्ट है, जो हमेशा आपको फैशनेबल के साथ आकर्षक भी बनाए, लेकिन वह कंफर्टेबल भी होना चाहिए। मैं अपने फैशन के जरिए हर महिला को और भी ऑप्शन देना चाहती हूं।

किसी खास इवेंट के लिए पहनावा और स्टाइल के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, मैं अपने फैशन को पूरी तरह से स्टाइलिस्ट पर नहीं छोड़ती। स्टाइलिस्ट आपकी मदद करते हैं, वे आपके फिगर स्टाइलिंग को बेहतर ढंग से समझते हैं, लेकिन मैं फैशन के साथ कंफर्ट और स्टाइल को साथ में लेकर

## सलमान खान के द बॉलीवुड बिग वन टूर से प्रशंसक निराश

सलमान खान इन दिनों फिल्म सिकंदर को लेकर चर्चा में हैं। उनकी यह फिल्म ईद के मौके पर सिनेमाघरों में दस्तक दे चुकी है। हालांकि, यह बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल दिखाती नहीं दिख रही है।

अब इस बीच सलमान ने अपने नए टूर का ऐलान कर दिया है, जिसका नाम द बॉलीवुड बिग वन है। हालांकि, भाईजान के प्रशंसक उनके इस टूर से निराश हैं।

आइए आपको इसके पीछे का कारण बताते हैं।

सिकंदर ने सलमान के फैंस को काफी निराश किया है। सोशल मीडिया पर उनके प्रशंसकों का दुख साफ झलकता है। सलमान के प्रशंसक उनसे अच्छी फिल्मों की मांग कर रहे हैं।

# 51 साल की मलाइका अरोड़ा ने कैमरे के सामने गिराई हुस्न की बिजलियां, एक्ट्रेस की हॉटनेस देख हैरत में पड़े फैंस



बॉलीवुड की फिटनेस और फैशन क्वीन मलाइका अरोड़ा आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। एक्ट्रेस भले ही इन दिनों किसी फिल्म में नहीं नजर आ रही हैं, लेकिन वो आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का सारा अटेंशन अपनी ओर खींच लेती हैं। अब हाल ही में मलाइका अरोड़ा ने अपनी लेटेस्ट तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं, जिसमें वो काफी गॉर्जियस नजर आ रही हैं।

एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा हमेशा अपनी हॉटनेस और बोल्डनेस से फैंस के बीच लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से छाने लगता है। बता दें कि एक्ट्रेस बॉलीवुड की सबसे फिट लेडी हैं और आए दिन अपनी तस्वीरों से फैंस का अटेंशन अपनी ओर खींच लेती हैं।

बता दें कि एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा भले ही 51 साल की हो चुकी हैं, लेकिन अभी भी अपनी हॉटनेस से इंटरनेट का तापमान बढ़ा देती हैं।

अब हाल ही में मलाइका अरोड़ा ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका सिजलिंग अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से मंत्रमुग्ध हो गए हैं।

मलाइका अरोड़ा की लेटेस्ट तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने ब्लैक कलर का बेहद ही स्टाइलिश आउटफिट पहना हुआ है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक स्टनिंग अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं। बालों का स्टाइलिश लुक में बन बनाकर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा ने अपने आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से कंप्लीट किया है। उनका ये कातिल अवतार इंटरनेट पर आते ही तबाही मचाने लग गया है। बता दें कि मलाइका अरोड़ा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है। मलाइका अरोड़ा जब भी अपनी फोटोज अपलोड करती है तो फैंस उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं।

## पंचायत के चौथे सीजन का ऐलान, लौट रही फुलेरा गांव की मंडली, रिलीज तारीख से भी उठ गया पर्दा

ओटीटी का सबसे फेमस वेब सीरीज पंचायत आज 5 साल की हो गई है. इस शो का प्रीमियर 3 अप्रैल, 2020 को प्राइम वीडियो पर हुआ था. इस सीरीज के अब तक 3 सीजन आ चुके हैं. मेकर्स ने चौथे सीजन का बेसब्री से इंतजार कर रहे फैंस को गुड न्यूज दिया है. मेकर्स ने शो की 5वीं एनिवर्सरी पर आधिकारिक तौर पर रिलीज की तारीख का एलान कर दिया है. पंचायत सीजन 4 का प्रीमियर इसी साल होगा. पंचायच के मेकर्स ने चौथे सीजन की रिलीज की तारीख का एलान किया. मेकर्स ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर साथ निभाना साथिया फेम एक्ट्रेस जिया मानेक, जितेंद्र कुमार और अन्य कलाकारों के साथ का एक प्रोमो साझा किया, जिसमें सीजन 4 की रिलीज डेट के बारे में जानकारी दी गई है. वीडियो में, साथ निभाना साथिया में गोपी बहू का किरदार निभाने के लिए मशहूर एक्ट्रेस जिया मानेक किताबें धोती नजर आईं, और फिर मजाक में कहा कि पंचायत ने सोशल मीडिया पर सभी मीम्स का श्रेय ले लिया है. वह मीम, एक-एक चाय हो जाए पर चर्चा करते हुए कहती है, यह सिर्फ एक वाक्य है. इसके बाद जितेंद्र कुमार ने कहा, इंटरनेट को एक दूरदर्शी मीम चाहिए जो हिंदी, इंग्लिश सबमें वायरल हो सके. सबको समझ में आ सके. वायरल होने के पीछे मत भागो, मोमेंट बनाओ. उन्होंने आगे कहा, अब पंचायत को 5 साल होने आ रहा है. आप खुद को पांच साल बाद कहां देखते हैं? इसके बाद उन्होंने खुलासा किया कि पंचायत का नया सीजन इसी साल आ रहा है. इसके बाद जिया ने पूछा, अगर यह इस साल आ रहा है, तो क्या हम टैंक पर बैठकर ग्रीन टी पी सकते हैं? हालांकि, जितेंद्र बिना कोई जवाब दिए वहां से चले जाते हैं. मेकर्स ने वीडियो के अंत में खुलासा किया कि शो 2 जुलाई को अमेजन प्राइम वीडियो पर प्रीमियर होने वाला है. पंचायत एक कॉमेडी-ड्रामा है जो अभिषेक नाम के शख्श के जीवन यात्रा पर आधारित है, जो सीमित नौकरी के अवसरों के कारण उत्तर प्रदेश के एक दूरदराज के गांव में पंचायत कार्यालय में सचिव की भूमिका निभाता है. आगामी सीजन में, अभिषेक, प्रधान जी और फुलेरा के प्यारे ग्रामीणों को नई चुनौतियों का सामना करते और अनोखे कारनामे देखने को मिलेंगे.

# अक्षय कुमार की केसरी चैप्टर 2 का ट्रेलर रिलीज, जलियांवाला बाग कांड का खौफनाक मंजर देख कांप उठेगी रुह

केसरी चैप्टर 2: द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ जलियांवाला बाग का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर रिलीज किया गया है. इसमें भारत की सबसे महत्वपूर्ण कानूनी लड़ाइयों में से एक की कहानी की झलक दिखाई गई है. सच्ची घटनाओं से प्रेरित यह फिल्म जलियांवाला बाग हत्याकांड के बाद की स्थिति और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और वकील सी शंकरन नायर के नेतृत्व में न्याय की लड़ाई को दर्शाती है.

गुरुवार को फिल्म मेकर करण जौहर ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर केसरी चैप्टर 2 का दमदार ट्रेलर अपलोड किया है और कैप्शन में लिखा है, एक आदमी, उसका साहस, उसके शब्द - जिसने पूरे साम्राज्य को हिलाकर रख दिया, अब तक बोले गए सबसे चौंकाने वाले झूठ को उजागर करें, हमारे इतिहास के सबसे काले अध्याय को उजागर करें, जलियांवाला बाग त्रासदी के पीछे की सच्चाई को उजागर करें, केसरी चैप्टर 2 - ट्रेलर आउट. सिनेमाघरों में, 18 अप्रैल को.

ट्रेलर में अनन्या पांडे को दिलरीत गिल के रूप में पेश किया गया है, जो एक महिला बैरिस्टर है जो सत्य की खोज में नायर का साथ देती है, जबकि आर माधवन नेविल मैककिनले के रूप में दिखाई देते हैं. उन्हें एक ट्रैलेंटेड एडवोकेट के रूप में संबोधित किया जाता है. उन्हें आर माधवन के खिलाफ खड़ा किया गया है, जो अंग्रेजों का बचाव करने वाले वकील हैं.

अनन्या ने एक महिला वकील की भूमिका निभाई है, जो पुरुष वकीलों के बीच भारतीयों के लिए खड़ी होकर रूढ़ियों को तोड़ती है. ट्रेलर उन भारतीयों के संघर्ष को सामने लाता है, जिन्होंने अन्याय के लिए लड़ाई लड़ी और अत्याचारी ब्रिटिश साम्राज्य से लोहा लिया.

केसरी चैप्टर 2 को पहले 14 मार्च 2025 को रिलीज के लिए स्लेट किया गया था. लेकिन अब यह 18 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. करण सिंह त्यागी निर्देशित यह फिल्म रघु पालत और पुष्पा पालत की किताब द केस दैट शुक द एम्पायर पर आधारित है. फिल्म में अक्षय कुमार, आर. माधवन और अनन्या पांडे अहम भूमिका में है.

### सिकंदर ने वर्ल्डवाइड 4 दिनों में कमा लिए 150 करोड़, भारत में 100 करोड़ का आंकड़ा किया पार

सिकंदर ने वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर महज चार दिनों में 150 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है, हालांकि सिकंदर की चौथे दिन की कमाई में बड़ी गिरावट दर्ज हुई, लेकिन फिल्म की कमाई अभी भी दो डिजिट में हो रही है. सिकंदर अपनी रिलीज के 4 दिन पूरे कर चुकी है और अब पांचवें दिन में चल रही है. सिकंदर ने तीन दिनों में ही भारत में 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया था. अब सलमान खान के पिटारे में एक और 150 करोड़ी फिल्म आ गई है. वहीं, सिकंदर सलमान खान की 18वीं 100 करोड़ी फिल्म बन गई है.

## काला जादू और खौफ से भरा छोरी 2 का भूतिया ट्रेलर रिलीज, चीख-चिल्लाहट खड़े कर देगी रोंगटे

नुसरत भरूचा और सोहा अली खान स्टारर हॉरर सुपरनैचुरल ड्रामा फिल्म छोरी 2 का ट्रेलर रिलीज हो गया है. छोरी 2 का भूतिया ट्रेलर रोंगटे खड़े कर देने वाला है. छोरी 2 का निर्देशन विशाल फुरिया ने किया है. नुसरत के किरदार का नाम साक्षी है और सोहा अली खान डरावने किरदार में दर्शकों का पसीना छुड़ाएंगी. एबंडेंशिया एंटरटेनमेंट बैनर तले फिल्म 11 अप्रैल को अमेजन प्राइम वीडियो पर देखने को मिलेगी.

छोरी 2 का ट्रेलर दर्शकों को डरावनी दुनिया की सैर करा रहा है. ट्रेलर का एक पंच डायलॉग राजा ने छोरा चाहिए था ने समाज के कड़वे सच को सामने लाकर रख दिया है. छोरी 2 एक अंधविश्वास और काला जादू-टोना पर बेस्ड है. इसकी कहानी में एक मां अपने बच्चे को बचाने के लिए जद्दोजहद करती नजर आएंगी. ट्रेलर के कुछ सीन दर्शकों के रोंगटे खड़े करने वाले हैं.

# क्या है फेस पुल एक्सरसाइज और इसे कैसे करें?



फेस पुल एक्सरसाइज आपके कंधों और पीठ के ऊपरी हिस्से को मजबूत बनाने में मदद करती है। इसे करने के लिए आपको एक रस्सी या बैंड की जरूरत होती है, जिसे आप अपने सिर के ऊपर से खींचते हैं।

यह कसरत न केवल आपके कंधों को मजबूत बनाती है, बल्कि आपकी मुद्रा को भी सुधारती है और पीठ के निचले हिस्से पर दबाव कम करती है।

आइए फेस पुल से जुड़ी अहम बातें जानते हैं।

फेस पुल एक्सरसाइज करने का तरीका

फेस पुल एक्सरसाइज करने के लिए सबसे पहले एक रस्सी या बैंड को अपने सिर के ऊपर से बांधें।

अब दोनों हाथों से रस्सी को पकड़ें और धीरे-धीरे इसे अपने चेहरे की ओर खींचें। जब आपकी हथेलियां आपके चेहरे के पास आएं तो थोड़ी देर रुके और फिर वापस शुरू की स्थिति में आ जाएं।

इस प्रक्रिया को कई बार दोहराएं। ध्यान रखें कि आपके कंधे पीछे की ओर खिंचे हुए होने चाहिए और पीठ सीधी रखनी चाहिए।

नियमित रूप से फेस पुल एक्सरसाइज करने के फायदे

फेस पुल एक्सरसाइज नियमित रूप से करने से कई फायदे मिल सकते हैं। इससे आपके कंधों की मांसपेशियां मजबूत होती हैं और पीठ की मांसपेशियों पर दबाव कम होता है। इसके अलावा यह कसरत आपकी मुद्रा को सुधारती है और गर्दन के दर्द को कम करने में भी मदद करती है।

इससे आपके कंधों और पीठ की लचीलापन बढ़ती है, जिससे चोट लगने का खतरा कम होता है।

एक्सरसाइज करते समय रखी जाने वाली सावधानियां

फेस पुल एक्सरसाइज करते समय कुछ सावधानियां बरतनी चाहिए।

अगर आपको पहले से ही कंधे या पीठ में दर्द हो रहा हो तो इस कसरत को न करें।

इसके अलावा कभी भी ज्यादा वजन उठाने की कोशिश न करें क्योंकि इससे चोट लगने का खतरा बढ़ सकता है।

सही तरीका अपनाना बहुत जरूरी है ताकि किसी भी प्रकार की चोट से बचा जा सके और अधिकतम लाभ प्राप्त किया जा सके।

अन्य कसरत के साथ फेस पुल कैसे शामिल करें?

फेस पुल एक्सरसाइज को अन्य कसरत के साथ मिलाकर करना सबसे अच्छा तरीका है, जिससे आपको सम्पूर्ण लाभ मिल सके। आप इसे डेडलिफ्ट, स्क्वाट और बेंच प्रेस जैसी खास कसरत के साथ जोड़ सकते हैं ताकि आपके पूरे शरीर की मांसपेशियां सक्रिय रहें।

इस प्रकार फेस पुल एक्सरसाइज आपके कंधों और पीठ के लिए बहुत फायदेमंद साबित हो सकती है।

इसे नियमित रूप से अपनी फिटनेस दिनचर्या में शामिल करें और स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं।

# पहली बार मेकअप किट खरीदने जा रही हैं तो इन 5 बातों पर जरूर दें ध्यान




मेकअप किट हर महिला की खूबसूरती को निखारने में मदद करती है। पहली बार मेकअप किट खरीदते समय कई सवाल और उलझनें होती हैं।

इस लेख में हम आपको कुछ जरूरी टिप्स देंगे, ताकि आपकी पहली मेकअप किट खरीदारी आसान हो सके। सही सामान का चयन कैसे करें, बजट कैसे तय करें और किन चीजों पर ध्यान देना चाहिए, इन सभी सवालों के जवाब जानने के लिए आगे पढ़ें।

सही सामान का चयन करें

पहली बार मेकअप किट खरीदते समय सबसे अहम कदम सही सामान का चयन करना है।

अपने त्वचा के प्रकार और रंग के अनुसार सामान चुनें। अगर आपकी त्वचा तैलीय है तो बिना तेल वाले फाउंडेशन और पाउडर लें। सूखी त्वचा वालों के लिए क्रीम वाले प्रोडक्ट्स बेहतर होते हैं।

इसके अलावा अगर आपकी त्वचा पर दाग-धब्बे हैं तो कंसीलर और फाउंडेशन का सही रंग चुनें, जो आपके रंग से मेल खाता हो।

बजट तय करें

मेकअप किट खरीदते समय बजट तय करना बहुत जरूरी होता है। इससे आपको अपनी जरूरत के अनुसार सामान खरीदने में आसानी होगी और बिना वजह के खर्च से बच सकेंगी।

पहले से ही तय करें कि आपको कितने पैसे खर्च करने हैं और उसी अनुसार खरीदारी करें। इससे आपकी पहली मेकअप किट खरीदारी आसान और व्यवस्थित होगी।

इसके अलावा आप अपने बजट में रहते हुए अच्छे गुणवत्ता वाले सामान चुन सकती हैं, जो आपकी त्वचा के लिए सही हों।

बेस मेकअप सामान पर ध्यान दें

बेस मेकअप सामान जैसे फाउंडेशन, कंसीलर, प्राइमर और पाउडर पर खास ध्यान दें।

फाउंडेशन आपकी त्वचा के रंग से मेल खाना चाहिए ताकि आपका चेहरा एकसार लगे। कंसीलर का उपयोग आंखों के नीचे के काले घेरे और दाग-धब्बों को छिपाने के लिए किया जाता है।

प्राइमर त्वचा को मुलायम बनाता है और पाउडर मेकअप को टिकाऊ बनाने में मदद करता है। इन सभी बेस सामान का सही चयन आपके मेकअप लुक को शानदार बना सकता है।

आंखों और होंठों का ध्यान रखें

आंखों और होंठों का मेकअप भी बहुत अहम होता है।

इसके लिए आईलाइनर, मस्कारा, आईशैडो और लिपस्टिक जरूर शामिल करें। आईलाइनर आपकी आंखों को गहरा दिखाता है जबकि मस्कारा पलकों को घना बनाता है।

आईशैडो से आपकी आंखों की खूबसूरती बढ़ती है। लिपस्टिक आपके होंठों को रंग देती है और आपके पूरे लुक को पूरा करती है।

इन सभी चीजों का सही उपयोग करके आप अपने मेकअप लुक को और भी आकर्षक बना सकती हैं।

## शब्द सामर्थ्य -008

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. संघर्ष, दौड़धूप (उर्दू) 5. सुपुत्र, लायक पुत्र 7. ताकतवर, बलशाली 9. खुशबू, सुरभि, सुगंध 10. अकारण, व्यर्थ, बेवजह 12. गर्म तेल आदि में खाद्य वस्तु छोड़कर पकाना 13. यात्रा 15. मृत, जो मर गया हो 16. छोटे कद का, वामन, बौना 18. सांप का सिर, गुण, कला, कौशल 20. निरुत्तर, बेमिसाल 23. गोल हरे दानों वाला एक प्रसिद्ध पौधा, या इस पौधे की फली 24.माता, जननी 25. संतान, औलाद 26. अधीन, अधीनस्थ, कर्मचारी 27. चिड़िया, खग तरफदार।

**ऊपर से नीचे**

1.पानी में डूबा हुआ, जल प्लावित 2. पाकेटमार, जेब काटने वाला 3. समाधान, खेत जोतने का यंत्र 4. औषधालय 6. युक्ति, उपाय 8. गीला, तर, भीगा हुआ 11. झटके से मुंह से आवाज के साथ हवा बाहर आना, बलगम आदि का बाहर आना 14. तुरंत, झटपट 15. स्त्री, नारी, अबला 17. एक और एक चौथाई 19. आदमखोर 21. दुनिया, संसार, जग 22. वर्ष की छः ऋतुओं में एक ऋतु जिसमें मौसम सुहावना रहता है 23. बुद्धि, दिमाग।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | ■ | 5 | | 6 |
| | ■ | 7 | | | 8 | ■ | ■ | |
| 9 | | | ■ | 10 | | 11 | ■ | |
| | ■ | 12 | | | ■ | 13 | 14 | |
| ■ | 15 | | ■ | ■ | ■ | 16 | | ■ |
| ■ | | ■ | 17 | ■ | ■ | ■ | 18 | 19 |
| ■ | 20 | 21 | | 22 | ■ | 23 | | |
| 24 | ■ | | ■ | 25 | | | ■ | |
| ■ | 26 | | | | ■ | ■ | 27 | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 007 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पी | चि | दं | ब | र | म | ■ | ■ | स |
| ट | ■ | भ | ला | ई | ■ | अ | स | म |
| ना | म | ■ | ■ | स | मा | धि | ■ | झ |
| ■ | ज | ■ | बे | ■ | न | का | र | ना |
| बा | बू | ■ | आ | य | क | र | ■ | ■ |
| ■ | र | की | ब | ■ | ■ | ■ | प्र | था |
| ज | ■ | ■ | रू | प | क | ■ | ज | न |
| हा | ■ | पा | ■ | ना | म | ची | न | ■ |
| ज | हां | प | ना | ह | ■ | ता | न | ना |



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि) थाना मदनमहल मे राहुल आर्मो उम्र 21 वर्ष निवासी पटैल मोहल्ला मदन महल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह पैरा मेडिकल कॉलेज नीमखेड़ा में द्वितीय वर्ष की पढ़ाई कर रहा है रात लगभग 1-30 बजे अपनी मोटर सायकल सुपर स्पेलेण्डर क्रमांक एमपी 20 एन डब्ल्यु 7019 से छोटी लाईन फाटक की ओर से लौट रहा था, महानद्दा ओवर ब्रिज के नीचे शुभ मोटर्स के पास तीन अज्ञात लड़के ग्रे कलर की स्पेलेण्डर मोटर सायकल से उसके पास आकर रूके और उससे उसकी मोटर सायकल छुड़ाने लगे,



# सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों को प्राथमिकता से निराकृत करें-कलेक्टर सक्सेना

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। कलेक्टेर श्री दीपक सक्सेना की अध्य क्षता में आज लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्यस कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक गहलोतए अपर कलेक्टजर श्री नाथूराम गोंड सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे। बैठक में उन्हों ने सभी विभागों की सीएम हेल्पनलाईन की एक.एक कर समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि सीएम हेल्प लाईन के प्रकरणों के निराकरण प्राथमिकता से करें। उन्हों ने कहा कि कोई भी प्रकरण नॉन अटेंडेंट न रहे।



साथ ही कहा कि 50 दिन से अधिक के प्रकरणों को पहले निराकृत करें। शिकायतों के निराकरण की गति में तेजी लायें। कलेक्टमर श्री सक्सेना ने टीएल के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान विभागवार एक.एक प्रकरणों की समीक्षा करते हुये कहा कि प्रकरणों का निराकरण तत्परता से करें। उन्हों ने सभी राजस्व अधिकारियों से कहा कि शीघ्रता से उपार्जन केन्द्रों व गोदामों की जांच करें और वहां आवश्यक व्यकवस्थाकयें सुनिश्चित करायें ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने तहसीलों का निरीक्षण के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिये। अपर कलेक्टकर ग्रामीण श्री नाथूराम गोंड को निर्देशित किये कि वे जहां.जहां गेहूं की फसल आग से प्रभावित हैए वहां का निरीक्षण करें और वास्तेविक रिपोर्ट प्रस्तुजत करें। साथ ही कहा कि किसान संघ की बैठक शीघ्र कराई जाये। इसके अलावा अन्यक महत्वटपूर्ण विषयों पर भी चर्चा कर आवश्य क निर्देश दिये गये।

## सड़क दुर्घटना

जबलपुर -थाना कटंगी में मनोहर सिंह लोधी उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम लुहारी थाना पटेरा जिला दमोह ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह ठेकेदारी का काम करता है आज अपने साथ काम करने वले भाई सोने सिंह , जीवन सिंह , रविन्द्र कुर्मी एवं नगीता सभी निवासी दमोह के साथ काम करने के लिये संस्कार सिटी जबलपुर जा रहे थे एक मोटर सायकल में उसका भाई सोने सिंह तथा जीवन सिंह लोधी तथा दूसरी मोटर सायकल में रविन्द्र कुर्मी तथा नगीता सिंह थे, तीसरी मोटर सायकल वह चला रहा था सुबह लगभग 7 बजे श्रद्धा धाम जमुनिया के सामने पहुॅचे तभी कार क्रमांक एमपी 20 सीए 3832 का चालक तेज गति लापरवाही चलाते हुये उसके भाई सोने सिंह एवं रविन्द्र कुर्मी की

## अम्बेडकर जयंती के पूर्व प्रतिमा स्थल के आस पास बैनर,होर्डिंग,पोस्टर हटाने एवं पेडस्टल बनाने की मांग को लेकर महापौर को ज्ञापन सौंपा

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। आदिवासी बहुजन कल्याण अधिकार संघ की जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि 14 अप्रैल डॉ बाबा साहब अम्बेडकर की जयंती के पूर्व अम्बेडकर चौक पर प्रतिमा के आस पास होर्डिंग,बैनर,पोस्टर हटवाने एवं साफ सफाई प्रतिमा के रंग रोगन कराने की मांग को लेकर आदिवासी बहुजन अधिकार कल्याण संघ ने महापौर जगत बहादुर सिंग अन्नू को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र कार्यवाही की मांग की जिस पर महापौर ने जयंती के पूर्व सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कराने का आश्वाशन दिया।इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष देवेश चौधरी,एड तेज कुमार भगत,एड तरुण रोहितास,जीवन लाल जाटव,डेनियल इब्राहिम,आदि उपस्थित रहे।

## जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 11 को

जबलपुर-जबलपुर जिला पंचायत की 8 अप्रैल को आयोजित की जाने वाली सामान्य सभा की समीक्षा बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है। अब यह बैठक शुक्रवार 11 अप्रैल को दोपहर 2 बजे से जिला पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी।

तत्काल प्रभाव से लागू हुआ आदेश

## जिला दण्डाधिकारी ने लगाया नरवाई जलाने पर प्रतिबंध

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर दीपक सक्से0ना ने कृषि भूमि को होने वाले नुकसान और पर्यावरण को पहुंचने वाली क्षति के मद्देनजर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता द्ग 2023 के प्रावधानों के तहत आदेश जारी कर जिले में नरवाई जलाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। आदेश में गेहूँ फसल की कटाई में प्रयुक्त किये जा रहे कम्बाइन्ड हार्वेस्टर के साथ भूसा तैयार करने के लिये स्ट्रा रीपर को रखना भी अनिवार्य कर दिया गया है। प्रतिबंधात्मक आदेश में कहा गया है कि वर्तमान में गेहूं की फसल कटाई का कार्य मुख्यतरू कम्बाइन्ड हार्वेस्टर द्वारा किया जाता है और कटाई के बाद बचे हुए गेहूं के डंठलों ;नरवाईद्ध से भूसा न बनाकर इसे जलाया जाता है। जबकि भूसे का उपयोग पशु आहार के साथ ही अन्य उद्योग में किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त भूसे एवं चारा की मांग अन्य जिलों और प्रदेश में रहती है। पर्याप्त मात्रा में भूसाण्पैरा उपलब्ध न होने के कारण पशु अन्य हानिकारक पदार्थ जैसे पॉलिथीन इत्यादि खाकर बीमार होते हैं और अनेक बार मृत्यु के कारण पशुधन की हानि भी होती है। नरवाई का भूसा कुछ माह बाद दोगुनी दर पर विक्रय होने के कारण किसानों को यही भूसा बढ़ी हुई दर पर क्रय करना पड़ता है। आदेश में कहा गया है कि नरवाई एवं पैरा में आग लगाना कृषि के लिए नुकसानदायक होने के साथ ही पर्यावरण की दृष्टि से भी हानिकारक है। इसके कारण गंभीर स्वरूप की अग्नि दुर्घटना होने से संपत्ति की हानि भी होती है। ग्रीष्मकाल में बड़ते जल संकट में बढोत्तरी का कारक होने के साथ ही इससे कानून.व्यवस्था के लिए विपरीत परिस्थितियां निर्मित होती हैं।

# 2329 वीं सम्राट अशोक जयंती के अवसर पर अतिथि वक्ताओं ने व्यक्त किया







जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। देश-भक्ति,वीरता धीरता और अखंडता की भावना को लेकर जिन्होंने अखंड भारत की संकल्पना के साथ देश के सबसे बड़े भूभाग को भारत के अधीन बनाकर चक्रवर्ती सम्राट की उपाधि अर्जित की ऐसे महान वीर योद्धा सम्राट अशोक को आज हम नमन करते हैं ।

उक्ताशय के उद्गार गुंजन कला सदन मध्यप्रदेश, लायंस क्लब परिवार जबलपुर ,सुप्रभातम् एवं पाथेय संस्था के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 2329 वीं सम्राट अशोक जयंती के अवसर पर अतिथि वक्ताओं ने व्यक्त किया7 कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर आनंद तिवारी ने करते हुए बताया ईसवी सन से 304 वर्ष पूर्व सम्राट अशोक का जीवन वीरता के साथ युद्ध करते हुए बिता और बाद में हृदय परिवर्तन के साथ शांतिदूत बने।

लायन नरेन्द्र जैन ने कहा कि चक्रवर्ती सम्राट अशोक ने विश्व को शांति का संदेश दिया उनके द्वारा जनहित में किये कार्य आज भी याद किये जाते है । उनके द्वारा निर्मित अशोक की लाट पर निर्मित चार शेर एवं चक्र जिसे अशोक चिन्ह आज हमारे देश के राष्ट्रीय प्रतीक है। इस अवसर पर डॉ.प्रकाश दुबे, आलोक पाठक, मीना भट्ट एवं लायन उमेश जैन ने सम्राट अशोक की जयंती राष्ट्रीय स्तर पर मनाने की प्रेरणा दी। प्रतुल श्रीवास्तव ने आयोजन पर अपने सारगर्भित विचार रखें 7

कार्यक्रम के प्रारंभ में सम्राट अशोक के चित्र के समक्ष डॉ. आनंद तिवारी, लायन नरेन्द्र जैन, डॉ.प्रकाश दुबे, अभय जैन, गुरवचन सिंह चौपरा, प्रतुल श्रीवास्तव, विजय जायसवाल ने दीप प्रज्वलित किया तथा श्रीमती संध्या जैन ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। अतिथिगणों का स्वागत लायन उमेश जैन, हिमांशु तिवारी, विक्रम परवार, संजय जैन कीपी, रमाकांत गौतम, राजीव गुप्ता, कौशल यादव आदि ने किया कार्यक्रम का सफल संचालन राजेश पाठक प्रवीण एवं आभार प्रदर्शन विजय जायसवाल ने किया ।

# कमिश्नर अभय वर्मा ने ज्ञानाश्रय में पढ़ाया करंट अफेयर्स





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। कमिश्नर अभय वर्मा ने आज मॉडल स्कूल में संचालित निरूशुल्क ज्ञानाश्रय कोचिंग में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं को मार्गदर्शन दिया।

उन्हों‍ने कहा कि हाल ही में प्रधानमंत्री ने स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपत राय की 160वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उनका जन्म 28 जनवरी 1865 को फिरोजपुरए पंजाब में हुआ था। वे एक प्रेरक नेताए समाज सुधारक और पंजाब केसरी के नाम से प्रसिद्ध थे। वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के एक प्रमुख नेता और लाल बाल पाल तिकड़ी के प्रमुख सदस्य थे। उन्होंने 1905 में बंगाल विभाजन का विरोध किया और 1920 में असहयोग आंदोलन का समर्थन किया।

हाल ही मेंए 2 फरवरी को विश्व आर्द्रभूमि दिवस मनाया गया। आर्द्र भूमि एक ऐसा स्थान है जहां भूमि मौसमी या स्थाई रूप से जल से ढकी होती है। रामसर अभिसमय आर्द्रभूमियों पर अभिसमय के रूप में जाना जाता है यह एक अंतर सरकारी संधि हैए जिसे वर्ष 1971 में रामसरए ईरान में अपनाया गया। भारत में अभिसमय वर्ष 1982 में लागू हुआ। वर्तमान में भारत में कुल रामसर स्थलों की संख्या 89 है।

आयुक्त श्री वर्मा ने बताया कि हाल ही में भारत के सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना 26 जनवरी 1950 को अनुच्छेद 124 के तहत हुई थीए और 28 जनवरी 1950 को पुराने संसद भवन से वर्तमान भवन में इसका संचालन शुरू हुआए जिसका उद्घाटन 1958 में राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद ने किया था।

हाल ही मेंए भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन सुधांशु शुक्ला 2025 में निजी मिशन पर अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा करने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री होंगे।

इस मिशन का नेतृत्व नासा के अंतरिक्ष यात्री पैगी व्हिटसन कर रही हैंए जिसमें शुक्ला मिशन पायलट के रूप में काम कर रहे हैं। वे भारत के गगनयान मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम के लिए अंतरिक्ष यात्री नामित भी हैं।

साथ ही उन्होंने भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था की स्थिति रिपोर्ट 2024ए जलवायु जोखिम सूचकांक 2025ए राजकोषीय स्वास्थ्य सूचकांक 2025ए भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक 2024ए साहित्य अकादमी पुरस्कार 2014ए मिजोरमए अरुणाचल प्रदेश और हिमाचल प्रदेश का राज्य का दर्जाए भारत का सर्वोच्च न्यायालय स्थापना दिवसए राष्ट्रीय मतदाता दिवसए 38वें राष्ट्रीय खेलए नारी अदालत कार्यक्रमए कैलाश मानसरोवर यात्राए ज्ञान भारतम मिशन और चिनार के पेड़ों के लिए आधार इत्यादि पर विस्तार से चर्चा की।

विप्र सेवा संघ ने स्वास्थ्य सेवाओं में दिए गए योगदान के लिए रीवा में किया सम्मानित

## प्रसिद्ध कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अखिलेश दुबे को राष्ट्र गौरव सम्मान



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। विप्र सेवा संघ द्वारा गत दिवस रीवा के चिराहुला मंदिर में देश के 30 प्रतिष्ठित नागरिकों को राष्ट्रीय गौरव सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर नगर के प्रतिष्ठित कार्डियोलॉजिस्ट व गैलेक्सी हॉस्पिटल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अखिलेश दुबे को स्वास्थ्य सेवाओं में योगदान के लिए राष्ट्र गौरव सम्मान प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि डॉ. दुबे हृदय चिकित्सा के क्षेत्र में प्रदेश व महाकौशल का जाना माना नाम है। बच्चों की हार्ट सर्जरी के क्षेत्र में उन्होंने विशेष उपलब्धि हासिल की है। एक चिकित्सक के तौर पर स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से वे अपना दायित्व बखूबी निभा रहे हैं। इन्हीं उपलब्धियों के चलते समारोह में उन्हें उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने सम्मानित किया। इस अवसर पर विप्र सेवा संघ के अध्यक्ष राजीव शुक्ला मौजूद रहे। अध्यक्ष श्री शुक्ला ने बताया कि समारोह में स्वास्थ्य के क्षेत्र में सर गंगाराम हॉस्पिटल के डॉ. वेद चतुर्वेदी भी सम्मानित हुए। इसके अलावा देश के लिए अहम योगदान देने वाली हस्तियों को समारोह में राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार से नवाजा गया। उल्लेखनीय है कि समारोह के दौरान विप्र सेवा संघ द्वारा निजी व्यय से निर्मित धर्मशाला में संगीतमय भागवत व नि:शुल्क मेडिकल कैंप भी आयोजित किया गया।

## माय भारत पोर्टल पर जलदूत वालंटियर के रूप में कराए पंजीयन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण और संवर्धन के लिए जन भागीदारी को दृष्टिगत रखते हुए माय भारत पोर्टल के माध्यम से वालंटियर जल दूत का पंजीयन किया जा रहा है।

जिला समन्वखयक जन अभियान परिषद श्री प्रदीप तिवारी ने कहा कि जल दूत वॉलिंटियर के रूप में सभी सहयोगी जन पंजीयन कर सकते हैं अभियान में सहयोगी बनने सभी लोग माय भारत पोर्टल ीजजचेरूध्ध्उलइींतंजण्हवअण्पदध् के माध्यम से जलदूत वॉलिंटियर का पंजीयन सरलता से कर सकते हैं। पंजीयन पश्चात डिजिटल प्रमाण पत्र प्राप्त होता है। पंजीकृत वालंटियर जलदूतों से अपील की गई है कि वह पंजीयन पश्चात पोर्टल पर जल गंगा संवर्धन अभियान की गतिविधियों के फोटोग्राफ भी पोर्टल पर अपलोड कर अभियान के प्रचार. प्रसार कर हिस्सा बन सकते हैं।

**इंटेक की बैठक 08 अप्रैल को**

जबलपुर- संयुक्ती आयुक्तअ विकास श्री अरविंद यादव ने बताया कि इंटेक जबलपुर ईकाई की साधारण सभा की बैठक 08 अप्रैल को अपरान्ह 03रू00 बजे मुख्य कल्चुरी रेसीडेन्सी होटल में आयोजित होगी। उन्हों ने सभी संबंधित से आग्रह किया है कि बैठक में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।

आग से प्रभावित हुए फसलों के लिए किसानों को शीघ्र दी जायेगी सहायता राशि. अपर कलेक्टर श्री गोंड

## अपर कलेक्टर ने लिया आग से प्रभावित फसलों का जायजा

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।- कलेक्टर श्री दीपक सक्सेकना के निर्देश पर अपर कलेक्टहर श्री नाथूराम गोंड ने आज सिहोरा तहसील के ग्राम मोहतरा और बंधा पहुंचकर आग से प्रभावित गेहूं फसल का जायजा लिया। इस दौरान उन्हों ने पाया कि दोनों ग्रामों में लगभग 65 हेक्टेयर क्षेत्र में गेहूं की फसल आग से प्रभावित है। उन्हों‍ने प्रभावित किसानों से इस संबंध में चर्चा किया और आरबीसी 6;4द्ध के



तहत यथाशीघ्र आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। साथ ही नरवाई प्रबंधन के उचित तरीकों के संबंध में जानकारी देते हुए नरवाई जलाने के दुष्प्रेरिणामों के बारे में बताया। इस दौरान एसडीएम श्री रूपेश सिंघई और तहसीलदार श्री शशांक दुबे सहित राजस्वर अमला और किसान मौजूद थे। अपर कलेक्टएर श्री गोंड ने मंझौली तहसील के मझौली और मोहनिया ग्राम का भी दौरा कर वहां भी प्रभावित किसानों से चर्चा कर कहा कि आरबीसी 6;4द्ध के तहत यथाशीघ्र आर्थिक सहायता प्रदान की जायेगी। मझौली तहसील के उक्तक ग्रामों में आग से 19 किसानों की लगभग 35 एकड़ क्षेत्र में गेहूं की फसल में से 15 एकड़ में क्षति पहुंची है।




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना गोराबजार में रात्रि नितिन कुमार मलिक उम्र 45 वर्ष निवासी मां नर्मदा होम्स कजरवारा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह पीएनबी हाउसिंग फायनेंस कम्पनी में जॉब करता है अपने परिवार के साथ रामनवमी पूजा करने लालमाटी घमापुर वाले मकान में गया था दिनांक 6-4-25 को रात लगभग 8 बजे वपस आया बाहर का गेट खोलकर घर के मेन दरवाजा के पास पहुँचकर देखा दरवाजा का ताला टूटा था एवं दरवाजा फ्टा हुआ था अंदर जाकर देखा पूजा वाले कमरे में रखी पेटी एव घर का सामान अस्त व्यस्त थे



# बीजेपी नेता शुभम अवस्थी फर्जी डॉक्टर बनकर 1 साल तक सरकारी अस्पताल में इलाज करता रहा, एफआईआर दर्ज

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर की सिविल लाइंस थाना पुलिस ने रविवार 6 अप्रैल की देर रात भाजपा नेता शुभम अवस्थी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है. यह कार्रवाई जिला कोर्ट के आदेश पर की गई है. आरोप है कि शुभम अवस्थी ने कोरोना काल में आपदा के समय फर्जी डिग्री के आधार पर जिला अस्पताल में सरकारी डॉक्टर बनकर काम किया. वह कोरोना संक्रमण काल के दौरान संदिग्धों के सैंपल इकट्ठा करता था और कोरोना पीड़ितों के उपचार में भी सहयोग करता था.



शुभम अवस्थी के फर्जीवाड़े का खुलासा उस समय हुआ जब जबलपुर निवासी शैलेन्द्र बारी ने उसकी डॉक्टरी डिग्री को कोर्ट में चुनौती दी. न्यायालय के निर्देश पर सिविल लाइंस पुलिस ने आरोपी शुभम अवस्थी के खिलाफ धोखाधड़ी और कूटरचित दस्तावेजों के इस्तेमाल सहित कई धाराओं में केस दर्ज किया है. फिलहाल शुभम अवस्थी फरार है.

**नियुक्ति के लिए पेश की फर्जी डिग्री**

कोरोना की पहली लहर (2020-2021) के बाद संक्रमण नियंत्रण के लिए जिला स्वास्थ्य विभाग में चिकित्सकों की संविदा नियुक्ति हुई थी. इसी दौरान शुभम अवस्थी ने आयुष चिकित्सक के रूप में फर्जी डिग्री के आधार पर नियुक्ति पा ली. उसने रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय से बीएएमएस की जाली डिग्री प्रस्तुत की और शासकीय स्वशासी आयुर्वेद कॉलेज का छात्र होने का दावा किया. इसके बाद उसने विक्टोरिया जिला अस्पताल में मरीजों का उपचार किया और सरकारी वेतन भी प्राप्त किया.

**शिकायत के बाद छोड़ी नौकरी**

शैलेन्द्र बारी द्वारा की गई शिकायत के बाद जब जांच शुरू हुई तो शुभम अवस्थी ने स्वास्थ्य विभाग की नौकरी से इस्तीफा दे दिया. जब पुलिस जांच ठंडे बस्ते में चली गई, तब शैलेन्द्र ने न्यायालय में परिवाद दायर किया. कोर्ट की सुनवाई के बाद पुलिस को एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए गए.

**डिग्री और रजिस्ट्रेशन नंबर भी फर्जी निकले**

पुलिस की शुरुआती जांच में शुभम अवस्थी की बीएएमएस डिग्री जाली पाई गई है. साथ ही, मध्यप्रदेश आयुर्वेद एवं यूनानी चिकित्सा बोर्ड का जो पंजीयन क्रमांक उसने प्रस्तुत किया, वह भी किसी अन्य चिकित्सक के नाम पर दर्ज पाया गया. फर्जी चिकित्सक की सेवाएं लेने पर स्वास्थ्य विभाग की भूमिका भी सवालों के घेरे में है. संवेदनशील पद पर नियुक्ति के दौरान दस्तावेजों की जांच और सत्यापन प्रक्रिया को लेकर गंभीर लापरवाही सामने आई है. यह नियुक्ति जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के प्रस्ताव पर हुई थी. ऐसे में जांच की आंच स्वास्थ्य अधिकारियों तक भी पहुंच सकती है.

**दोस्त के साथ हॉस्पिटल गए तो फर्जी डॉक्टर का पता चला**

शिकायतकर्ता शैलेन्द्र बारी ने बताया, वह अपने एक दोस्त को लेकर इलाज के लिए जिला अस्पताल गए, जहां उन्हें पता चला कि शुभम अवस्थी नाम के डॉक्टर ने कोरोना काल (2020-2021) के दौरान मरीजों का इलाज किया था और फर्जी दस्तावेजों के आधार पर एक साल तक नौकरी की थी. इस संबंध में मैंने जनवरी, 2023 में शिकायत सीएमएचओ, कलेक्टर और एसपी से की गई, लेकिन जब किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई, तो जिला कोर्ट जबलपुर में परिवाद दायर किया गया. यहां भी मामला लंबित रहा. फिर हाई कोर्ट जबलपुर में याचिका लगाई गई. इस पर हाई कोर्ट ने जिला कोर्ट को 60 दिन के अंदर निर्णय लेने के लिए कहा था.

## कोच्चि में काट रहा था फरारी

# जबलपुर से भागा जॉय स्कूल का संचालक अखिलेश मेबन केरल में पकड़ा गया

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर में विजय नगर स्थित जॉय स्कूल के संचालक अखिलेश मेबन को पुलिस की टीम ने कोच्चि केरल से गिरफ्तार कर लिया है. एफआईआर दर्ज होने के बाद अखिलेश मेबन भागकर कोच्चि में फरारी काट रहा था. अखिलेश मेबन द्वारा सोशल मीडिया पर हिन्दू धर्म के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी की थी, जिसे देख हिन्दू समाज के लोग आक्रोशित हो गए थे. बताया जाता है कि रांझी क्षेत्र में 31 मार्च को धर्मांतरण के शक में ईसाई धर्मगुरु फादर डेविस के साथ हुई मारपीट का वीडियो सामने आने के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया था. यहां तक कि ईसाई समुदाय के लोगों ने विरोध स्वरुप थाना के समक्ष प्रदर्शन करते हुए दोषियों पर कार्यवाही की मांग की थी. वहीं दूसरी ओर इसी मामले में जॉय सीनियर सेकेंडरी स्कूल के संचालक अखिलेश मेबन द्वारा मेबन ने वीडियो को पोस्ट करते हुए हिंदू समुदाय को लेकर अभद्र भाषा का उपयोग किया.

इसके बाद हिंदू संगठनों ने जॉय स्कूल में हंगामा करते हुए विजयनगर थाने में अखिलेश मेबन के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज करते हुए मेबन की तलाश शुरू कर दी थी. पुलिस की टीम अखिलेश मेबन को पकडने् के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी. पुलिस की टीम को खबर मिली कि मेबन बांधवगढ़ के एक



रिसॉर्ट में छिपा हुआ है. पुलिस ने वहां पर दबिश दी तो वह भाग चुका था. इसके बाद पुलिस की टीमें तलाश में जुटी रही, इस बीच खबर मिली कि वह केरल के कोच्चि शहर में फरारी काट रहा है. पुलिस की एक टीम केरल के कोच्चि पहुंच गई और स्थानीय पुलिस की मदद से एक होटल से अखिलेश मेबन को गिरफ्तार कर लिया. खबर है कि अखिलेश मेबन केरल पुलिस की गिरफ्त में है, जबलपुर पुलिस उसे ट्रांजिट रिमांड पर लेकर जबलपुर आएगी. गौरतलब है कि अखिलेश मेबन का विवादों से पुराना नाता है वे कभी स्कूल की फीस के मामले में अभिभावकों के साथ गाली गलौज करते नजर आते है तो कभी बंदूक निकालकर धमकाने का काम करते है.

# तलाशशुदा शिक्षिका को दिया शादी झांसा और कारोबार में निवेश करने दस लाख रुपए हड़पे

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** शहर के गोरखपुर थाना क्षेत्र में एक शातिर युवक ने तलाकशुदा महिला और उसकी बहन से पौने दस लाख रुपए ऐंठ लिए। महिला ने गोरखपुर थाने में आरोपी के खिलाफ शिकायत की। पुलिस ने आरोपी पर गुरुवार रात धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि मनमीत कौर कटनी में रहती है। उनका 14 साल का बेटा है। वे तलाशशुदा हैं। उनके साथ उनकी बहन कुंवरजीत कौर भी रहती है। दोनों बहनें प्रायवेट स्कूल में शिक्षिका हैं। परिजन कुंवरजीत के विवाह के लिए रिश्ता देख रहे हैं। इस सिलसिले में कुंवरजीत और मनमीत की पहचान सुख सागर वैली जबलपुर निवासी सुरेन्द्र सलूजा से हुई। उसने बताया कि वह भी अपने रिश्तेदार के विवाह के लिए युवती तलाश रहा है। मनमीत व उसके परिजन सुरेन्द्र के कहने पर जबलपुर आए लेकिन रिश्ता तय नहीं हुआ। पुलिस के अनुसार आरोपी ने नया जाल फेंका और मनमीत से विवाह की बात कही। उसे बताया कि वह मां नर्मदा कप एंड पेपर प्रोडक्ट प्रायवेट लिमिटेड का मालिक है। मनमीत से कहा कि वह भी कारोबार में निवेश करे। कुंवरजीत और मनमीत एक जनवरी को जबलपुर आए। मनमीत ने अपने अकाउंट से उसे एक लाख 25 हजार रुपए और बहन कुंवरजीत के अकाउंट से आठ लाख 47 हजार रुपए भेजे। हाल में दोनों बहनों ने सुरेन्द्र से रुपए वापस मांगे।

## सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी

जबलपुर- थाना गोराबजार में नितिन कुमार मलिक उम्र 45 वर्ष निवासी मां नर्मदा होम्स कजरवारा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह पीएनबी हाउसिंग फायनेंस कम्पनी में जॉब करता है अपने परिवार के साथ रामनवमी पूजा करने लालमाटी घमापुर वाले मकान में गया था दिनांक 6-4-25 को रात लगभग 8 बजे वपस आया बाहर का गेट खोलकर घर के मेन दरवाजा के पास पहुँचकर देखा दरवाजा का ताला टूटा था एवं दरवाजा फ्टा हुआ था अंदर जाकर देखा पूजा वाले कमरे में रखी पेटी एव घर का सामान अस्त व्यस्त थे पेटी में रखे सोने चांदी के जेवरात जिसमें कान के झाले, 1

# गेंहू की फसल में लगी भीषण आग, 35 एकड़ खेत में लगा अनाज जलकर खाक

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर स्थित ग्राम मोहनिया मझौली में आज उस वक्त हड़कम्प मच गया. जब 35 एकड़ में लगे गेंहू की फसल में अचानक आग लग गई. तेज हवा के चलते कुछ ही मिनटों में लगी फसल जलकर खाक हो गई. खबर मिलते ही सिहोरा व कटंगी से फायर बिग्रेड पहुंच गई और खेत में लगी आग पर काबू पाया. उस वक्त तक अनाज जलकर खाक हो चुका था. घटना की खबर मिलते मझौली के प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए थे. खबर है कि आज मझौली के मोहनिया गांव में करीब 35 एकड़ में लगे गेंहू की फसल में अचानक आग लग गई. किसान कुछ समझ पाते इससे पहले आग ने पूरे खेत को अपनी चपेट में ले लिया. देखते ही देखते गेंहू की फसल धू-धू कर जलने लगी. आग देखकर किसानों सहित अन्य ग्रामीण जन पहुंच गए, जिन्होने अपने स्तर पर आग पर काबू पाने की कोशिश की लेकिन आग



विकराल रुप धारण कर चुकी थी. खबर मिलते ही सिहोरा व कटंगी से फायर बिग्रेड पहुंच गई और आग पर काबू पा लिया, लेकिन उस वक्त 35 एकड़ में लगी गेंहू की फसल जलकर खाक हो चुकी थी. जिन खेतों में आग लगी है वह रघुनाथ राय सहित अन्य किसानों के है. मौके पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि पटवारी के साथ खराब हुई फसल की रिपोर्ट तैयार कर जल्द ही कलेक्टर को सौंपा जाएगा. हालांकि खेत में आग कैसे लगी कारण अभी तक अज्ञात है. वहीं ग्रामीणों का कहना है कि कई बार खेतों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइनों में स्पार्किंग होने के कारण आग लग जाती है, वहीं कई बार असामाजिक तत्वों द्वारा भी इस तरह की हरकतें की जाती है. यहां तक कि जलती हुई बीड़ी या सिगरेट फेंक देने से भी आग लग जाती है.

### सिविक सेंटर में कूलर चोरी का प्रयास दुकान से कूलर ले जाते ई-रिक्शा चालक को लोगों ने पकड़ा, पुलिस को सौंपा



जबलपुर-सिविक सेंटर में एक ई-रिक्शा चालक को कूलर चोरी के आरोप में स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया। बताया जा रहा है की युवक एक दुकान के ऊपरी हिस्से से कूलर चुराकर ले जा रहा था। मौके पर मौजूद शुभम शुक्ला के अनुसार, जब लोगों ने ई-रिक्शा चालक से कूलर के बारे में पूछत

**अकाल मृत्यु**

जबलपुर- थाना पनागर में आज जानकीरमण अस्पताल से सूचना मिली सड़क दुर्घटना मे घायल अरविन्द केवट उम्र 34 वर्ष निवासी उमरिया सिंगौद थाना पनागर को दिनांक 4-4-25 की रात लगभग 11 बजे पत्नी रेश्मा केवट के द्वारा इलाज हेतु भर्ती कराया था दौरान उपचार के आज सुबह लगभग 6-5 बजे मृत्यु हो गयी है।

## ठाकुर शैलेंद्र सिंह के पिताश्री ठा. शंकर सिंह का दमोह में निधन



जबलपुर/दमोह. दमोह निवासी ठाकुर शंकर सिंह का 99 वर्ष की आयु में आज सोमवार 7 अप्रैल को निधन हो गया. आप अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ठा. शैलेंद्र सिंह, अजय सिंह व अभिलाष सिंह के पिताजी थे. ठाकुर शंकर सिंह का पैतृक निवास दमोह में अंतिम संस्कार किया गया. इस मौके पर बड़ी संख्या में इष्ट-मित्र सहित राजनीतिक दलों के लोग मौजूद रहे.

### थाना मदनमहल अंतर्गत चाकू से हमला कर मोबाईल छीनने वाला 1 आरोपी युवक एवं 2 विधि विदादित बालक गिरफ्तार

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना मदनमहल मे राहुल आर्मो उम्र 21 वर्ष निवासी पटैल मोहल्ला मदन महल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह पैरा मेडिकल कॉलेज नीमखेड़ा में द्वितीय वर्ष की पढ़ाई कर रहा है दिंनाक 25-3-25 को रात लगभग 1-30 बजे अपनी मोटर सायकल सुपर स्पेलेण्डर क्रमांक एमपी 20 एन डब्ल्यु 7019 से छोटी लाईन फाटक की ओर से लौट रहा था, महानद्दा ओवर ब्रिज के नीचे शुभ मोटर्स के पास तीन अज्ञात लड़के ग्रे कलर की स्पेलेण्डर मोटर सायकल से उसके पास आकर रूके और उससे उसकी मोटर सायकल छुड़ाने लगे, उसने विरोध किया तो उनमें से एक लड़के ने चाकू से हमलाकर उसकी जांघ में चोट पहुँचा दी तथा दूसरे लड़के ने उसके पर्स जिसमें 2 हजार रूपये एवं दस्तावेज गाड़ी का रजिस्टेªशन, आयुष्मान कार्ड एवं अन्य कागजात तथा उसका वीवो कम्पनी का मोबाइल एवं मोटर सायकल सुपर स्पेलेंडर क्रमांक एमपी 20 एन डब्ल्यु 7019 भी छीनकर अपनी बिना नम्बर की मोटर सायकल से मदनमहल चौक की ओर भाग गये। रिपोर्ट पर धारा 309(6) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक जबलपुर श्री सम्पत उपाध्याय (भा.पु.से.) द्वारा घटित हुई घटना को गम्भीरता से लेते हुये आरोपियों की पतासाजी कर शीघ्र गिरफ्तारी हेतु आदेशित किये जाने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर श्री आनंद कलादगी (भा.पु.से.), एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध/यातायात श्रीमती सोनाली दुबे तथा नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली श्री रीतेश कुमार शिव, नगर पुलिस अधीक्षक कैंट/उप पुलिस अधीक्षक अपराध श्री उदयभान बागरी के निर्देशन में थाना मदनमहल व क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम गठित की गयी।


**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-5,संजय गांधी मार्केट नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/सं.क्रं. 5/2024-25/ एम .106 दिनांक - 10/02/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री विवेक कुमार लखेरा, पिता- लल्लू लाल उर्फ लीलाधर लखेरा** ने भवन क्रं. 120 **वार्ड जवाहरगंज वार्ड,** भूतल 298+629 व.फु. व्या.+आ., प्रथमतल 434 व.फु. आ., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा भवन क्रं. 120 पर नामांतरण हेतु, पंजीकृत स्वामी श्री विनोद कुमार सरावगी, पिता- स्व. श्री रतनचंद सरावगी, भवन क्रं. 120 पिन नं. 1000390571/ 42000179 पर जिस किसी को उक्त में प्रमाण सहित आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-05** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-5,संजय गांधी मार्केट नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-10,रांझी नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्रं.-सं.अधि./10 / रांझी/ 2025 एम/02/2025-26 दिनांक 07.04.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, **श्रीमती आभा ताम्रकार, पति- श्री मनीष कुमार ताम्रकार** ने भवन क्रं.4090/ 135 के भाग, पिन क्र. 1000405014 **वार्ड क्र. 64, वार्ड महर्षि सुदर्शन ,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्री शरद कुमार कुशवाहा, पिता- पिता- स्व. श्री जानकी सिंह कुशवाहा, क्षेत्रफल 200 व.फु. आर.सी.सी. कमर्शियल, भूतल 200 व.फु. आर.सी.सी. कमर्शियल, **नजूल विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु/ शासकीय नजूल भूमि/ भवन में काबिज नामातंरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -10 रांझी** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में कर वसूली हेतु अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-10 रांझी नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-10,रांझी नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्रं.-सं.अधि./10 / रांझी/ 2025 एम/01/2025-26 दिनांक 07.04.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, **श्रीमती सुशिया मरावी, पति- स्व. श्री विक्रम मरावी** ने भवन क्रं......... पिन क्र. 1000700303 **वार्ड क्र. 63, वार्ड शहीद भगत सिंह ,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्री विक्रम मरावी, पिता- श्री जामदार मरावी, क्षेत्रफल 816 व.फु. आर.सी.सी., भूतल 816 व.फु. आर.सी.सी., **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु/ शासकीय नजूल भूमि/ भवन में काबिज नामातंरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -10 रांझी** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में कर वसूली हेतु अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-10 रांझी नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-10,रांझी नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्रं. -02, सं.अधि./ रांझी/10 / 2025-26 दिनांक 07.04.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती अमृता गौर, पति- श्री ललित गौर** ने मकान नं. 2320 पिन नं. 1000600244 **वार्ड चन्द्रशेखर आजाद वार्ड,** भूतल 525 व.फु. आर.सी.सी., प्रथमतल 275 व.फु., **आधार कार्ड, पंजीकृत विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम के कम्प्यूटर रिकार्ड में दर्ज भवन स्वामी- श्री राकेश शुक्ला, पिता- श्री पी.सी.शुक्ला, मकान नं. 2320 पिन नं. 1000600244 द्वारा प्रदत मकान नम्बर पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया जाता है। अत: जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-10 रांझी** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-10 रांझी नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2025/ 26/एम/07 दिनांक 07.04.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री नितेश सोहाने, पिता- स्व. श्री उमाकांत सोहाने** ने मकान नं. प्लाट नं. 53 **वार्ड चेरीताल वार्ड,** क्षेत्रफल 1740 व.फु., भूतल 1288 व.फु., प्रथमतल 1096 व.फु., **दानपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-14 दमोहनाका नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-16, नगर निगम जबलपुर**

क्रं.सं.अधि/राजस्व./ सं.क्र.16/ 2025-26/ एम....... दिनांक- 03.04.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री जाहिद खान, पिता- स्व. श्री नूर खान** ने पिन नं. 1000395147 भवन क्रमांक 2597/14 एम.आई.जी. **वार्ड क्र. 41 वार्ड संजय गांधी वार्ड,** भूतल 1050 व.फु. आर.सी.सी., प्रथमतल 1050 व.फु. आर.सी.सी., **विक्रयपत्र ,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक 1424/1ए, पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-16** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-16 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6,नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/06/2025-26/ एम/08 जबलपुर दिनांक 07.04.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती सुमन मिश्रा, पति- मिथलेश मिश्रा** ने प्लाट नं. 23 **वार्ड पं. दीनदयाल उपाध्याय** पिन नं. 1000353310, क्षेत्रफल 1162 व.फु., भूतल 1162 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-6 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6,नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/06/2025-26/ एम/07 जबलपुर दिनांक 07.04.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री प्रहलाद चंद गुप्ता, पिता- स्व. श्री मनोहर लाल गुप्ता** ने मकान नं. 2184 **वार्ड डॉ. राजेन्द्र प्रसाद** पिन नं. 1000469690, क्षेत्रफल 320 व.फु., भूतल 200 व.फु., प्रथमतल 200 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-6 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6,नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/06/2025-26/ एम/09 जबलपुर दिनांक 07.04.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती भारती शुक्ला, पति- श्री जयराम शुक्ला** ने मकान नं. पी.नं. 646 **वार्ड राजीव गांधी** पिन नं. 1000350763, क्षेत्रफल 1000 व.फु., भूतल 1000 व.फु., प्रथमतल 1000 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-6 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./02/कछपुरा 2025 एम./01 दिनांक 07.04.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री विनय सिंह ठाकुर, पति- श्री ज्ञान सिंह ठाकुर** ने मकान नं. 824/1 पिन. नं. 2000274854, **वार्ड मदन महल वार्ड,** क्षेत्रफल 2080 व.फु. ओपन प्लाट, **वसीयतनामा मृत्यु प्रमाण पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-08,भानतलैया नगर निगम जबलपुर**

क्रं.सं.अधि/08/भान./2025-26/.... दिनांक- 01.04.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री रवि मोहन गुप्ता, पिता- मोती लाल गुप्ता** ने भवन/ क्रमांक 555 से 557 **वार्ड शीतला माई वार्ड,** क्षेत्रफल 2024 व.फु., भूतल 1700 व.फु. खपरैल 324 व.फु. किराये पर, **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 555 से 557 पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-08 भानतलैया** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-08 भानतलैया नगर निगम जबलपुर**


स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुंआ जबलपुर से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख श्री विलक्षण सक्सेना, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999